संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
13 फरवरी 2025, गुरुवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 134
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस

भारतीय सैनिकों के कथित अपमान पर राहुल गांधी तलब

लखनऊ । उप्र की राजधानी लखनऊ की एक अदालत ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कथित तौर पर भारतीय सैनिकों का कथित रुप से अपमान करने वाला बयान देने के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी को तलब किया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम एल) आलोक वर्मा ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 मार्च की तारीख तय की है।

माघ पूर्णिमा : कुंभ में उमड़ा आस्था का सैलाब, 2.5 करोड़ लोगों ने किया स्नान

एजेंसी

प्रयागराज । प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा अवसर पर स्नान करने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एकत्र हुई। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। प्रशासन के मुताबिक, दोपहर 12 बजे तक 1.59 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। अनुमान है कि बुधवार को माघ पूर्णिमा के दिन 2.5 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे।

योगी सरकार के द्वारा श्रद्धालु पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। प्रयागराज जाने वाले रास्तों में भीषण जाम के बाद ट्रैफिक प्लान में बदलाव हुआ है। प्रयागराज शहर में वाहनों का प्रवेश बंद है। मेला क्षेत्र में भी कोई भी वाहन नहीं चलेगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है।

प्रशासन पार्किंग से शटल बसें चला रहा है। हालांकि, यह बेहद सीमित हैं। इतना ही नहीं संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दे रहे हैं, ताकि भीड़ न बढ़े। ज्यादातर लोगों को बाकी घाटों पर स्नान के लिए भेजा जा रहा है। भीड़ कंट्रोल के लिए पहली बार मेले में 15 जिलों के डीएम, 20 आईएएस और 85 पीएससी अफसर तैनात किए गए हैं।

इधर, लखनऊ में सीएम योगी सुबह 4 बजे से मुख्यमंत्री आवास पर बने वॉर रूम से महाकुंभ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। डीजी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद और कई सीनियर अधिकारी भी माजूद हैं। महाकुंभ का आज 31वां दिन है। इसके पहले 4 अमृत स्नान पर्व हो चुके हैं। 13 जनवरी से अब तक करीब 46 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अब 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान पर्व होगा।

लंदन, बैंकॉक जाने से महंगा हुआ महाकुंभ जाना, आसमान पर पहुंचा हवाई किराया

नई दिल्ली । महाकुंभ में बढ़ती भीड़ और लोगों की जरुरत के चलते कंपनिया इसका फायदा उठा रही हैं। खासतौर से एयरलाइंस कंपनियां कुछ ज्यादा ही इसका फायदा उठाने की कोशिश कर रही हैं। यही वजह है कि लंदन, बैंकॉक जाने से भी ज्यादा महंगा महाकुंभ जाना हो गया है। मौजूदा समय में दिल्ली से प्रयागराज के लिए हवाई किराया 80,000 रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि लंदन की एकतरफा टिकट मात्र 3100 रुपये में मिल रही है। सामान्य दिनों में दिल्ली से प्रयागराज का हवाई किराया केवल 3,000 से 5,000 रुपये के बीच होता है। दिल्ली ही नहीं मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे अन्य प्रमुख शहरों से भी प्रयागराज जाने वाली उड़ानों के किराए में भारी उछाल देखा गया है। इन शहरों से प्रयागराज के लिए टिकट की कीमतें मुख्य स्नान पर्वों के दौरान 18,000 रुपये से 41,106 रुपये तक पहुंच गई हैं। चेन्नई से प्रयागराज की एकतरफा टिकट की कीमत हाल ही में 70,996 रुपये तक दर्ज की गई थी।

दिल्ली से प्रयागराज की हवाई यात्रा अब अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से भी महंगी हो गई है। लंदन और बैंकॉक की एकतरफा फ्लाइट टिकट की तुलना में दिल्ली से प्रयागराज की टिकट ज्यादा महंगी हो गई है।

चुनावों से पहले मुफ्त उपहारों की घोषणा की प्रथा पर सुप्रीम कोर्ट नाराज, कहा-

फ्री में मिल रही योजनाओं के कारण लोग नहीं कर रहे काम

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनावों से पहले मुफ्त उपहारों की घोषणा करने की प्रथा पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि लोग अब काम करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि उन्हें मुफ्त राशन और धनराशि मिल रही है। फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच शहरी क्षेत्रों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि दुर्भाग्यवश, इन मुफ्त योजनाओं के कारण लोग काम करने के इच्छुक नहीं हैं। उन्हें बिना काम किए मुफ्त राशन और धनराशि मिल रही है। बेंच ने कहा कि सरकार को लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने और उन्हें राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करना चाहिए। बेंच ने कहा कि हम उनके लिए आपकी फिक्र की तारीफ करते हैं लेकिन क्या ये बहेतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और उन्हें देश के विकास में योगदान करने दिया जाए। केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। इस मिशन में शहरी बेघर लोगों के लिए आश्रय प्रदान करने समेत कई मुद्दों का समाधान शामिल होगा। कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से यह वेरिफाई करने को कहा कि सरकार इस मिशन को कब तक लागू करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद तय की है।

इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में भी सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में फ्रीबीज को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। वह याचिका चुनाव के दौरान फ्रीबीज के ऐलान के खिलाफ थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की थी कि वह चुनाव आयोग को यह तय करने के लिए निर्देश दे कि राजनीतिक पार्टियां चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियां वाले वादें न करें।

दुमका : टेंपो से करीब 2 से 3 करोड़ रुपये मूल्य की 11 पेटी अवैध लॉटरी जब्त

अजंता बुक स्टोर के नाम पर चिपका मिला 11 पेटी अवैध लॉटरी

दुमका ब्यूरो

दुमका। शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुड़ाबहाल के निकट बुधवार को एक टेंपो से करीब 2 से 3 करोड़ रुपये मूल्य की 11 पेटी अजंता बुक स्टोर के नाम पर चिपका अवैध लॉटरी जब्त होने की बात बताई जा रही है। दुमका के अंचल अधिकारी अमर कुमार और मुफस्सिल थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की है। इस मामले में टेंपो चालक को हिरासत में लिया गया है। मामले में ऑटो चालक ने बताया कि उसे अनुपम मुखर्जी नामक व्यक्ति ने फोन कर बस से कार्टून रिसीव कर रानीश्वर पहुंचाने के लिए कहा था। मामले में अंचल अधिकारी सदर प्रखंड दुमका अमर कुमार ने बताया कि राजस्व

उपनिरीक्षक राजकुमार दास को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध लॉटरी से भरा टेंपो दुमका से रानीश्वर जा रहा है। प्रारंभिक जांच में अनुपम मुखर्जी के साथ-साथ दुमका के किसी दीनू नामक व्यक्ति की संलिप्तता सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक की दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के लिए बता दू की कुछ महीने पूर्व एक्स पर सीएम हेमंत सोरेन ने जिला प्रशासन को इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का आदेश दिया था । बताया जा रहा है कि सीएम के आदेश के बाद जिला प्रशासन ने कारवाई की जा रही है। बताई जा रही है कि लॉटरी के इस अवैध कारोबार का जाल अंतर प्रांतीय है। बिहार से पेटी में पैक कर लॉटरी बस द्वारा दुमका पहुंचायी जाती है। इससे पूर्व की कार्रवाई से सबक लेते हुए लाटरी माफियाओं ने कारोबार का तरीका बदल लिया, इस बार लॉटरी से भरे 11 पेटी को बस स्टैंड में नहीं उतारा वरन विजयपुर के पास उतारकर ऑटो में लोड कर रानीश्वर प्रखंड पहुंचने की योजना बनाई गई थी पर प्रशासन की सतर्कता से मामला खटाई में पड़ गया। बहरहाल टेंपो चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले के तह तक जाने के लिए पुलिस ने अवैध कारोबार के गुर्गे तक पहुंचने के लिए जांच में तेजी लाने की बात बताई जा रही है।

फ्रांस में दिखी मोदी और मैक्रों की गहरी दोस्ती

भारत-फ्रांस दो महान शक्तियां, हमारे बीच विशेष संबंध : राष्ट्रपति

एजेंसी

पेरिस । पीएम नरेंद्र मोदी की यात्रा पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उन्हें समय और सम्मान दिया है। यह दोनों नेताओं के बेहतर आपसी समझ और गहरी दोस्ती को दर्शाता है। पीएम मोदी की यात्रा के पहले दिन मैक्रों ने रात्रिभोज पर बातचीत की। अगले दिन एआई एक्शन समिट में भी यह सौहार्दपूर्ण माहौल नजर आया। भारत और फ्रांस ने संयुक्त रूप से शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। दोनों नेताओं ने

भारत-फ्रांस सीईओ फोरम की मेजबानी की, जो आर्थिक सहयोग के लिए साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है।

दुनिया के सबसे भ्रष्ट देशों की सूची जारी, भारत में बढ़ा भ्रष्टाचार का स्तर

पाकिस्तान की रैंक 135वीं तो श्रीलंका 121वें स्थान पर

एजेंसी

नई दिल्ली । ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने 2024 का भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) जारी किया है, जिसमें दुनिया भर के 180 देशों और क्षेत्रों को भ्रष्टाचार के स्तर पर रैंक दी गई है। यह रिपोर्ट देशों को 0 से लेकर 100 अंक के बीच रैंक देती है। 0 अंक वाले देश सबसे भ्रष्ट माने जाते हैं, जबकि 100 अंक वाले देश को पूरी तरह पारदर्शी माना जाता है। 2024 में भारत की रैंकिंग 96वें स्थान पर थी, जो कि 2023 की तुलना में तीन स्थान नीचे है। भारत को इस साल 100 में से 38 अंक मिले हैं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 39 था। 2022 में भारत को 40 अंक मिले थे, जिसका मतलब है कि भारत में पिछले कुछ सालों में भ्रष्टाचार के स्तर में मामूली वृद्धि हुई है। 2024 की इस रैंकिंग में भारत का प्रदर्शन कमजोर रहा है, इससे पता चलता है कि भ्रष्टाचार की समस्या देश में अभी भी गंभीर है।

भारत के पड़ोसी देशों की स्थिति भी निराशाजनक है। पाकिस्तान की रैंक 135वीं है, जो कि बेहद खराब स्थिति है। श्रीलंका 121वें स्थान पर है, जो राजनीतिक और आर्थिक संकटों के कारण भ्रष्टाचार के उच्च स्तर को दर्शाता है।

शहीद जवान कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर लाया गया रांची

राज्यपाल, रक्षा राज्य मंत्री और वित्त मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

रांची । जम्मू कश्मीर में सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सेना के कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी का पार्थिव शरीर बुधवार की शाम रांची लाया गया। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर शहीद जवान को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, रक्षा राज्य मंत्री व सेना के वरिय अधिकारियों और जवानों ने अंतिम सलामी दी। एयरपोर्ट पर शहीद जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किया गया।इस मौके राज्य सरकार के

कई अधिकारी और शहीद जवान के शोक संतप्त परिवार के सदस्य मौजूद थे। बाद में कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक घर हजारीबाग के लिए रवाना कर दिया गया।एयरपोर्ट पर सही जवान करमजीत सिंह बक्शी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करने के बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शोक संतप्त परिवार को ढ़ाढस बंधाया। राज्यपाल ने कहा कि शहीद जवान के परिवार के साथ राजभवन हमेशा खड़ा रहेगा।

गया : महाकुंभ से लौट रहे सात श्रद्धालुओं की सड़क हादसों में मौत

एजेंसी

गया । प्रयागराज महाकुंभ मेला से लौट रहे पांच श्रद्धालुओं की गया और रोहतास जिले में अलग-अलग सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि 11 श्रद्धालु घायल हो गए। कई श्रद्धालुओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं आरा में सड़क हादसे में इंटर की दो छात्राओं की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर बुधवार सुबह प्रयागराज से बंगाल लौट रही एक बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में बोलेरो सवार दो महिला की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई है और आठ लोग घायल हैं। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान जीतू दास एवं लोखी चक्रवर्ती के रूप में हुई है। जबकि घायलों में उज्जवल दास, निशा दास, रंजन गौस, रोहन गौस, अंसार अली, कौशल, इंदु दास, पल्लव बनर्जी एवं उमर फारूक शामिल हैं।

महाकुंभ का जुनून : ट्रेन में चढ़ने की होड़ में 12 महिलाएं बेहोश

मुजफ्फरपुर । प्रयागराज के महाकुंभ मेले में करोड़ो श्रद्धालुगण पहुंच रहे हैं। जिसके कारण बस और ट्रेन में रेलमपेल भीड़ बढ़ गई है। हालात इतने खराब हैं कि लोग ट्रेन में चढ़ने की होड़ में बेहोश तक हो रहे हैं। पटना जंक्शन से लेकर मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और गोपालगंज तक के स्टेशनों पर यात्रियों का सैलाब उमड़ रहा है। इस दौरान भीड़ में 12 महिलाएं अचेत हो गईं। सभी को लोगों की मदद से सुरक्षा बलों ने नीचे उतारा।

मनी लॉन्ड्रिंग कानून का दहेज कानून की ही तरह गलत इस्तेमाल हो रहा : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग कानून यानी पीएमएलए का भी दहेज कानून की ही तरह गलत इस्तेमाल हो रहा है। कोर्ट ने यह टिप्पणी छत्तीसगढ़ में हुए कथित शराब घोटाले में आरोपी पूर्व आईएएस अधिकारी अरुण पति त्रिपाठी की जमानत देते हुए की। जस्टिस अभय ओक ने मामले में ईडी को फटकार लगाते हुए कहा कि 498ए की तरह ही पीएमएलए का भी दुरुपयोग हो रहा है। मनी लॉन्ड्रिंग कानून के प्रावधानों का उपयोग किसी आरोपी को हमेशा के लिए जेल में रखने के लिए नहीं किया जा सकता। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टिन मसीह की पीठ ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों का इस्तेमाल किसी को हमेशा के लिए जेल में रखने के लिए नहीं किया जा सकता।कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भी फटकार लगाते हुए कहा कि पीएमएलए का दहेज कानून (धारा 498ए) की तरह दुरुपयोग किया जा रहा है।

पिछली सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने ईडी द्वारा दायर हलफनामे पर सवाल उठाते हुए कहा था कि एजेंसी के भीतर कुछ गड़बड़ है।

शिक्षित पत्नी मेंटेनेंस के लिए घर में बैठी नहीं रह सकती : हाईकोर्ट

भुवनेश्वर(एजेंसी)। ओडिशा हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले में कहा कि कि अगर पत्नी शिक्षित हो, उसके पास नौकरी का अनुभव हो तो वह अपने पति से भरण-पोषण का दावा करने के लिए घर में बैठी नहीं रह सकती है। उसे काम करना चाहिए। इसके अलावा अदालत ने मेंटेनेंस की राशि को 8000 रुपये से घटाकर 5000 रुपये प्रति माह कर दिया। कानून उन पत्नियों को नहीं सराहता है जो केवल इसलिए निष्क्रिय रहती हैं ताकि पति पर भरण-पोषण का बोझ डाल सकें।

पारसनाथ के हक को लेकर फिर जैन समुदाय व संथाल समुदाय आमने सामने

संवाददाता

गिरिडीह । मरांग बुरु पारसनाथ में परंपरागत हक अधिकार की लड़ाई के लिए एक बार फिर जैन समुदाय व संथाल समुदाय आमने सामने खड़ी हो रही है। जैन समुदाय द्वारा पारसनाथ में अतिक्रमण तथा मांस मदिरा का सेवन व खरीद बिक्री की रोक की मांग के विरोध में संथाल समुदाय तैयारी शुरू कर दी है। आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि ने न केवल बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई है बल्कि कोष जमा कर कानूनी लड़ाई के लिए भी तैयारी में जुट गई है। जानकारी के अनुसार जैन समुदाय से जुड़ी संस्था ने झारखंड उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर मरांग बुरु पारसनाथ में मांस

मदिरा का सेवन अथवा खरीद बिक्री पर रोक व सरकार के निर्देश का अनुपालन कराने की मांग की है। दायर याचिका में केंद्र व राज्य सरकार को पक्षकार बनाया गया है। याचिका 17 जनवरी 2025 को केस नंबर 231/2025 के तहत दर्ज किया गया है। याचिका दायर होने के बाद से ही संथाल समाज रेस है। संथाल समाज जैन समुदाय के विरुद्ध याचिका में हस्तक्षेप करने के साथ साथ जन आंदोलन करने की रणनीति बना रही है। संथाल समाज ने रांची गेस्ट हाउस में बैठक कर जैन समुदाय के प्रति निंदा प्रस्ताव पारित किया है। संथाल समाज मरांग बुरु बचाओ अतिक्रमण हटाओ के नारे साथ आंदोलन की रणनीति तैयार की है। संथाल समाज के अनुसार मरांग बुरु पारसनाथ स्थित जुग जाहेर थान तथा दिशोम मांझी थान आदिवासियों के लिए पूजनीय स्थल है। आदिवासी समाज मरांग बुरु पारसनाथ में सेंदरा, बाहा पर्व समेत अन्य त्यौहार परम्परागत तरीके से मनाते आ रहे है। बैठक में पारसनाथ पर्वत पर मांस मदिरा का सेवन अथवा खरीद बिक्री के बहाने याचिका दायर कर षड्यंत्र के तहत क्षेत्र आदिवासियों का अधिकार छिनने का प्रयास पर मुहर लगाई गई। बैठक में आदिवासियो का परम्परागत अधिकार छिनने तथा लगातार पारसनाथ पर्वत पर अतिक्रमण करने का आरोप जैन समुदाय पर लगाया है।

आदिवासी समाज ने जैन समुदाय पर न्यायलय से लेकर सरकार तक को गुमराह करने का भी आरोप लगाया है। बीते 9 जनवरी को झारखंड बिहार बंगाल उड़ीसा आसाम के आदिवासी संगठन के प्रतिनिधियों ने रांची में बैठक कर विरोध प्रदर्शन का मन बनाया है।

प. बंगाल की महिला जेलों में 2024 से 2025 के बीच हुआ 196 बच्चों का जन्म, सवालों के घेरे में जेल सुरक्षा

एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की महिला जेलों में 2024 से 2025 के बीच 196 बच्चों के जन्म की घटनाएं राज्य में एक बड़ा विवाद बन गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये महिलाएं, जो किसी अपराध के लिए सजा काट रही थीं, जेल में आने के बाद गर्भवती हुईं।

कलकत्ता हाई कोर्ट में इस मामले पर एक जनहित याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने इस मुद्दे पर संज्ञान लिया है और जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के कारणों को जानने की इच्छा जताई है।

वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस मामले को राज्य के प्रशासन की असफलता के रूप में उठाया है। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस मामले के लिए जिम्मेदार ठहराया है और उनसे जवाबदेही की मांग की है।

इस घटना के बाद सवाल उठने लगे हैं कि महिला कैदियों की गर्भावस्था के पीछे कौन है? इन बच्चों के पिता कौन हैं? जेल की सुरक्षा और प्रबंधन में क्या कमी है जिससे ऐसी घटनाएं हो रही हैं? कोर्ट ने इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। पहले भी 2024 में इस मुद्दे पर संज्ञान लिया गया था, जहां जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने मामले पर जांच करने को कहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामला इतना संवेदनशील होने के बावजूद इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रदेशवासियों का मानना है कि यह मुद्दा न केवल जेल प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही को चुनौती दे रहा है बल्कि महिला कैदियों की सुरक्षा के संबंध में भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

रांची में पांच लाख की लूट, जांच में जुटी पुलिस

रांची । रांची के तमाड़ में बुधवार को अज्ञात तीन अपराधियों ने दिनदहाड़े पांच लाख रुपये लूट कर फरार हो गये। लूट की वारदात को एसबीआई के सीएससी संचालक के तमाड़ सेंटर पर अंजाम दिया गया है। सीएससी संचालक शिवचरण महतो ने बताया कि वह हर दिन की तरह बुधवार को सेंटर खोल कर अंदर बैठे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन अपराधी उनके सेंटर में आ धमके और आते ही उन्होंने सबसे पहले सेंटर का दरवाजा बंद कर दिया। फिर उनके साथ मारपीट करते हुए काउंटर में रखे करीब पांच लाख रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए। शिवचरण ने बताया कि अपराधियों के भागने के बाद वह तुरंत तमाड़ थाने पहुंचे और पुलिस को मामले की पूरी जानकारी दी, हालांकि जब तक पुलिस की टीम मौके पर पहुंचती तीनों अपराधी फरार हो चुके थे। मामले में शिवचरण के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई है। लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस की टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की तलाश कर रही है। इसके अलावा रांची-टाटा रोड से गुजरने वाली सभी सड़कों पर चेक पोस्ट स्थापित कर तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने सीएससी में लूट की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी मिलने पर पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

चक्रधरपुर रेल मंडल में विकास कार्यों के मद्देनजर 14 फरवरी तक ट्रेनों का परिचालन रहेगा प्रभावित

पश्चिमी सिंहभूम । चक्रधरपुर रेल मंडल में विकास कार्यों के मद्देनजर 14 फरवरी के बीच कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेल मंडल की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार टाटानगर राउरकेला टाटानगर मेमू ट्रेन 12 से 14 फरवरी तक रद्द रहेगी। हटिया राउरकेला पैसेंजर भी 13 फरवरी तक रद्द रहेगी और राउरकेला हटिया पैसेंजर भी 14 फरवरी तक रद्द रहेगी। इसी प्रकार हटिया झारसुगुड़ा हटिया एक्सप्रेस 12 फरवरी को रद्द रही। टाटानगर -इतवारी- टाटानगर एक्सप्रेस 13 और 14 फरवरी को तथा बिरमित्रापुर बरसुवां पैसेंजर ट्रेन 14 फरवरी को रद्द रहेगी। इसके अलावा हावड़ा टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस के छूटने के समय में तब्दीली की गई है जो 13 फरवरी को सुबह 6ः30 बजे के बजाय हावड़ा से सुबह 9बजे छूटेगी।

काम दिलाने का झांसा देकर आदिवासी महिला से दुष्कर्म, केस दर्ज

रांची । काम दिलाने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप विवाहित आदिवासी महिला ने एक युवक पर लगाया है। इस मामले में बुधवार को पीड़िता ने इटकी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपी विकास पासवान इटकी थाना क्षेत्र का निवासी है। पीड़िता ने लिखित मामले में आरोप लगाई है कि मेरा पति नशेड़ी है उससे तंग आकर अकेली मजदूरी कर जीवन यापन करती हूं। इसी दौरान विकास पासवान से मेरी जान पहचान हो गई और वह अक्सर मोबाइल से बात करता था और बिल्डरों से नियमित काम दिलाने का भरोसा दिया था। इसी बीच 10 मई 2024 को मैं रांची से मजदूरी कर अपने घर लौट रही थी तभी विकास पासवान ने मोबाइल पर कहा कि बिल्डर से बात हो गई है तुम इटकी पहुंचों बात करनी है। मैं उसके विश्वास पर इटकी पहुंची। इसके के बाद वह मुझे साइट पर काम दिखाने के नाम पर एक गोशाला में ले गया और जबरन दुष्कर्म किया और उसका वीडियो भी बना लिया। जब मैंने इसका विरोध किया तो उसने धमकी देते हुए कहा कि यदि किसी को बताई तो जान से मार देंगे और वीडियो वायरल कर देंगे। उसके बाद से विकास जबरदस्ती दुष्कर्म कर रहा है। वहीं विरोध करने पर आरोपी जातिसूचक गाली और धमकी देता है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है।

आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा काम से हटाने के विरोध में दिया धरना

गिरिडीह । सीसीएल गिरिडीह एरिया के कबरीबाद में चल रहे आउटसोर्सिंग कंपनी में दो लोगों को काम पर से हटाने के विरोध में बुधवार को ड्राइवरों ने कबरीबाद में धरना दिया। धरना पर बैठे मो जाफर व राकेश कुमार संह ने बताया कि वे दोनो पिछले एक साल से आउटसोर्सिंग कंपनी में कैम्पर ड्राइवर व टीपर ड्राइवर के रुप में कार्यरत थे। सिर्फ तार टूट जाने की वजह से उन्हें नौकरी से हटा दिया गया। काम से हटाने के कारण पारिवारिक स्थिति दयनीय और भूखे मरने की हो गयी है। दिन भर धरना देने के बाद स्थानीय प्रबंधन व प्रशासन के लोग पहुंचे। धरना दे रहे ड्राइवरों को रविवार को बैठक कराने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद धरना समाप्त हुआ।

पारसनाथ के हक अधिकार की लड़ाई को लेकर फिर जैन समुदाय व संथाल समुदाय आमने सामने

गिरिडीह । मरांग बुरु पारसनाथ में परंपरागत हक अधिकार की लड़ाई के लिए एक बार फिर जैन समुदाय व संथाल समुदाय आमने सामने खड़ी हो रही है। जैन समुदाय द्वारा पारसनाथ में अतिक्रमण तथा मांस मदिरा का सेवन व खरीद बिक्री की रोक की मांग के विरोध में संथाल समुदाय तैयारी शुरू कर दी है। आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि ने न केवल बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई है बल्कि कोष जमा कर कानूनी लड़ाई के लिए भी तैयारी में जुट गई है। जानकारी के अनुसार जैन समुदाय से जुड़ी संस्था ने झारखंड उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर मरांग बुरु पारसनाथ में मांस मदिरा का सेवन अथवा खरीद बिक्री पर रोक व सरकार के निर्देश का अनुपालन कराने की मांग की है। दायर याचिका में केंद्र व राज्य सरकार को पक्षकार बनाया गया है। याचिका 17 जनवरी 2025 को केस नंबर 231/2025 के तहत दर्ज किया गया है। याचिका दायर होने के बाद से ही संथाल समाज रेस है। संथाल समाज जैन समुदाय के विरुद्ध याचिका में हस्तक्षेप करने के साथ साथ जन आंदोलन करने की रणनीति बना रही है। संथाल समाज ने रांची गेस्ट हाउस में बैठक कर जैन समुदाय के प्रति निंदा प्रस्ताव पारित किया है। संथाल समाज मरांग बुरु बचाओ अतिक्रमण हटाओ के नारे साथ आंदोलन की रणनीति तैयार की है। संथाल समाज के अनुसार मरांग बुरु पारसनाथ स्थित जुग जाहेर थान तथा दिशोम मांझी थान आदिवासियों के लिए पूजनीय स्थल है। आदिवासी समाज मरांग बुरु पारसनाथ में सेंदरा, बाहा पर्व समेत अन्य त्यौहार परम्परागत तरीके से मनाते आ रहे है। बैठक में पारसनाथ पर्वत पर मांस मदिरा का सेवन अथवा खरीद बिक्री के बहाने याचिका दायर कर षड्यंत्र के तहत क्षेत्र आदिवासियों का अधिकार छिनने का प्रयास पर मुहर लगाई गई। बैठक में आदिवासियो का परम्परागत अधिकार छिनने तथा लगातार पारसनाथ पर्वत पर अतिक्रमण

रंगदारी मांगते दो अपराधी गिरफ्तार, राइफल,बन्दूक और केन बम बरामद

पलामू । समूह से कर्ज लेने के बाद उसे चुकता करने के लिए रंगदारी मांगते दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।उनकी गिरफ्तारी पलामू जिले के रामगढ थाना क्षेत्र के पिपराही से सटे जंगल से हुई है। उनके पास से एक राइफल, एक भरठुआ बन्दूक, एक केन बम, कपड़े, बैग एवं अन्य सामान बरामद किए गए हैं।अपराधियों की पहचान जिले के पाटन थाना क्षेत्र के मायापुर के उमेश भुइयां (35वर्ष) पिता इतवारू भुइयां एवं चैनपुर के सेमरा के फिरोज अंसारी (25वर्ष) पिता नेयाजुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है।बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभा कक्ष में एसडीपीओ सदर मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ थाना क्षेत्र के पिपराही से सटे जंगल में दो व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहे हैं एवं किसी घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना पर रामगढ थाना प्रभारी ओमप्रकाश साव के नेतृत्व में टीम बनाकर छापामारी की गयी। इस क्रम में उमेश भुइयां और फिरोज अंसारी को पकड़ा गया। उमेश के पास से एक राइफल एवं एक काला रंग का पीठू बैग और फिरोज अंसारी के अपास से एक भरठुआ बन्दूक बरामद हुआ। पीठू बैग खोलने पर एक काले रंग के प्लास्टि में लपेटा हुआ केन बम मिला। केन बम को निष्क्रिय करने की कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि उमेश और फिरोज पूर्व में उग्रवादी संगठन जेजेएमपी से जुड़े हुए थे। इधर कुछ दिनों से आपराधिक संगठन बनाकर जेजेएमपी, माओवादी एवं आदित्य नाम से ईंट भट्ठा, क्रशर मालिक व अन्य लोगों से रंगदारी मांगते थे। दोनों ने रंगदारी मांगने की बात स्वीकार की

झारखंड के बच्चे भी अब वेदों व शास्त्रों की शिक्षा कर सकेंगे ग्रहण : शंकराचार्य विजयेंद्र

रांची और देवघर में खुलेंगे वैदिक स्कूल

संवाददाता

रांची । झारखंड के बच्चे अब वेदों और शास्त्रों की शिक्षा प्राप्त करने के लिए तैयार हो रहे हैं।कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी विजयेंद्र सरस्वती ने झारखंड में वैदिक स्कूल संचालित करने के लिए हामी भर दी है।इसके लिए कांची पीठ ने झारखंड के धार्मिक न्यास बोर्ड को पत्र भेजा है। वैदिक स्कूलों की स्थापना से झारखंड के बच्चों को वेदों और शास्त्रों की जानकारी मिलेगी, जिससे वे अपनी संस्कृति और परंपराओं को गहराई से समझ पाएंगे।धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने कहा कि झारखंड में वैदिक स्कूल खोलने के

लिए राज्य सरकार से सहयोग मांगा जा रहा है।

इसके लिए रांची और देवघर में दो वैदिक स्कूल खोले जाएंगे।कांची पीठ ने स्कूल के लिए दो से तीन एकड़ जमीन उपलब्ध कराने को कहा है।न्यास बोर्ड ने रांची और देवघर में बंद पड़े संस्कृत विद्यालय को चिह्नित किया है।बोर्ड की ओर से सरकार से आग्रह किया जाएगा कि यह जमीन न्यास बोर्ड को लीज पर दी जाए

आदिवासी विकास महाकुंभ मेले में पारंपरिक परिधान में सजे कलाकारों ने बांधा समा

संवाददाता

पलामू । दुबियाखांड़ में आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला बुधवार को संपन्न हो गया। मेला के दूसरे व अंतिम दिन संस्कृति कार्यक्रमों के नाम रहा। पारंपरिक परिधान में आदिवासी महिला-पुरूष कलाकारों गीत-संगीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांधा। मांदर की थाप पर लोग झूमते रहे। मेला समापन के मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार रखने वाले व्यक्तियों को मेला आयोजन समिति एवं जिला प्रशासन की ओर से मोमेंटो, शॉल व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही मेला आयोजन समिति के सदस्यों को भी सामाजिक सरोकार के तहत सम्मानित किया गया। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन

सिंह, सचिव हृदयानंद सिंह, बहादुर सिंह, अवधेश सिंह, निर्मल सिंह नीरज सिंह, अजीत सिंह, उमेश सिंह, शैलेंद्र सिंह सहित सामाजिक सरोकार रखने वाले सैकड़ो लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मान प्रदान किए गए। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में निःशुल्क कार्य कर रहे वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। मेला के लेकर लोगों में काफी उत्साह था। इधर, दो दिवसीय मेला में जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिया गया।

जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या

बोकारो । बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 4 स्थित आवास में बोकारो जिला बल के जवान चंदन शांडिल्य ने अपने सर्विस पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने प्रथम दृष्टिया इसे आत्महत्या बताया है और जांच के बाद घटना की पूरी जानकारी देने की कही है।जवान चंदन शांडिल अपने दो बच्चों और पत्नी के साथ इस घर में रहता था।बच्चे सुबह स्कूल गए हुए थे और पत्नी घर में नहीं थी।जब पत्नी पहुंची तो कमरे का दरवाजा बंद पाया, उसके बाद इसकी जानकारी उसकी पत्नी ने अपने परिचित को दी। जब पुलिस विभाग में तैनात एक जवान घर पहुंचा तो दरवाजा को खुलवाने का प्रयास किया।दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से अंदर देखा तो चंदन खून से लतपथ पड़ा हुआ था। दरवाजा तोड़ने के बाद चंदन के गोली लगने से मृत्यु का पता चला।

प्रतिमा और झंडा लगाने को लेकर विवाद, झड़प में थाना प्रभारी समेत छह घायल

संवाददाता

कोडरमा । जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत रूपनडीह में दो पक्षों में बुधवार सुबह जमकर पत्थरबाजी हुई। यह विवाद मंदिर के बैनर को हटाने और संत रविदास की प्रतिमा को लगाने को लेकर हुआ। इस घटना में मामले को शांत कराने पहुंचे दल डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश समेत लगभग छह से अधिक लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार रूपनडीह गांव में संत रविदास मंदिर के सामने झंडा बोर्ड और होर्डिंग लगाया गया है। इसको लेकर कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय के समक्ष संत शिरोमणि रविदास समारोह समिति डोमचांच ने धरना प्रदर्शन भी किया था। वहीं बुधवार को इसी मामले में दो पक्षों में झड़प के बाद पत्थरबाजी की घटना हुई। माहौल शांत करने पहुंचे थाना प्रभारी ओम प्रकाश कुमार को भी पत्थर लगा और वे घायल हो गए। वहीं सर्किल इंस्पेक्टर विनोद कुमार और कुछ अन्य लोगों को भी चोट लगी है। बाद में एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची विभिन्न थानों की पुलिस ने मोर्चा सम्हाला। लोगों को नियंत्रित करने के लिए लाठी भी भांजनी पड़ी तो वहीं गांव में विभिन्न थानों के पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

राजहंस एकेडमी राँची, लालपुर के दो छात्रों ने जेईई मेंन सेशन-1 की परीक्षा में सफलता हासिल किया

रांची । राजहंस एकेडमी राँची, लालपुर के दो छात्रों ने जेईई मेंन सेशन-1 की परीक्षा में सफलता हासिल किया। संस्थान के टारगेट बैच के छात्र रुद्र प्रताप सिंह ने 94 परसेंन्टाइल प्राप्त किया और टारगेट बैच के ही छात्र अर्पित सिंह ने मैथ में 95.26 परसेंन्टाइल प्राप्त किया है। संस्थान के सेन्टर हेड राहुल कुमार ने सभी छात्रों,शिक्षकों एंव अभिवावकों को बधाई दी है। उनहोने बताया की राजहंस एकेडमी का एक बर्ष का ये शानदार परिणाम रहा है। उन्होने ने बताया कि हमारी पूरी टीम छात्रों के बेहतर परिणाम प्राप्त करने लिये सर्वश्रेठ मार्गदर्शन और रणनीति देने के लिये हमेशा समर्पित रहती है। यह सफलता राजहंस एकेडमी की हाई क्वालीफाई शिकक एवं अनुभवी टीम के मार्गदर्शन का परिणाम है। राजहंस एकेडमी में अगले वर्ष 2025-26 के लिये एडमिशन शुरु हो चुके है। ऐसे छात्र जो आगे विज्ञान विषय के साथ ग्यारवही और बारहवी के साथ मेडिकल और इंजीनियरिगं की तैयारी करना चाहते है, रविवार को प्रवेश परीक्षा भी आयोजित होती है जिसमें भाग लेने वालो छात्रों को एडमिशन फीस पर स्कालरशिप और गिफ्ट दिया जाता है। सभी सफल छात्रों को शुभकामनाऐ देते है, और आने वाले प्रयासो में भी उन्हे उत्कृष्ट प्रर्दशन के लिये प्रेरित करेंगे।

आयुष्मान योजना को लेकर हेमंत सरकार ले रही अव्यवहारिक फैसले : बाबूलाल

संवाददाता

रांची । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है।

मरांडी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की धरती से विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत की शुरुआत की थी, लेकिन अब झारखंड सरकार की एक अव्यवहारिक फैसले ने आमजनों के लिए समस्याएं उत्पन्न कर दी हैं।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत झारखंड सरकार ने नया नियम जारी किया है, जिसमें केवल 50 बेड (शहरी) और 30 बेड (ग्रामीण) वाले निजी अस्पताल ही योजना में शामिल होंगे। इससे सैकड़ों छोटे अस्पताल बाहर हो जाएंगे, जिससे गरीब मरीजों को इलाज में दिक्कत होगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां छोटे अस्पतालों पर निर्भरता ज्यादा है, मरीजों को महंगे और दूर के बड़े अस्पतालों में जाना पड़ेगा।

इससे स्वास्थ्य सेवाएं गरीबों के लिए और सीमित हो जाएंगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करें और इसे तुरंत वापस लें, ताकि कोई भी व्यक्ति आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित न हो। उन्होंने कहा कि अगर कहीं गड़बड़ी हो रही है, तो उसकी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें।लेकिन ऐसा आदेश न दें जिससे किसी को आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित होना पड़े। वहीं दूसरी ओर मरांडी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने अपने ज्ञान, कर्म, समानता और भाईचारे के पवित्र भाव से जीवन जीने की शिक्षा देने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर सादर नमन किया है।

हथियार के साथ जेजेएमपी का नक्सली गिरफ्तार

लातेहार । जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत सनगड़वा गांव के पास पुलिस ने छापेमारी कर जेजेएमपी के नक्सली अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली के पास से एक ऑटोमेटिक पिस्टल और पांच गोलियां बरामद की गयी है। गिरफ्तार नक्सली मनिका थाना क्षेत्र के बरियातू गांव का रहने वाला है। बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी नक्सली अर्जुन सिंह किसी घटना को अंजाम देने के लिए सनगड़वा गांव के आसपास जमा हुआ है। सूचना के बाद थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनाई गई और नक्सली की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। पुलिस ने चिन्हित स्थान पर छापेमारी का नक्सली अर्जुन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। छानबीन के क्रम में उसके पास से एक पिस्तौल और जिंदा गोलियां भी बरामद हुई। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली पर मनिका थाना क्षेत्र में नक्सली हिंसा से संबंधित दो मामले पहले से ही दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि अर्जुन सिंह मुख्य रूप से नक्सली संगठन के नाम पर लेवी वसूलने का काम करता था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ के क्रम में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। मिली जानकारी के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

सेना की साहस और वीरता हर नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत : राज्यपाल

रांची । राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची बुधवार को दीपाटोली कॉकरेल इकोलॉजिकल पार्क एवं प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित ईस्टर्न कमांड अलंकरण समारोह-2025 में वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले सैनिकों एवं उनके परिजनों से भेंट की। उनके साथ भोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रसेवा में समर्पित वीर जवानों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को नमन किया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना के वीर योद्धा देश की अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए जिस अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हैं, वह प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने वीर सैनिकों एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र को आप सभी पर गर्व है। पूर्वी कमान का अलंकरण समारोह में वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी (जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान) ने अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार दिये ।

डॉक्टर, नर्सों व पारा मेडिकल कर्मियों को दी जाएगी नए कानूनों की जानकारी

रांची । राज्यभर में डॉक्टरों, नर्सों व पारा मेडिकल कर्मियों को नए भारतीय कानून का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके बाद सभी जिलों के एसपी को इस संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस संबंध में प्रशिक्षण की अनिवार्यता पर जोर दिया था। इसके बाद केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय की संस्था ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (बीपीआरएंडडी) ने इस संबंध में आदेश जारी किया था। गृह मंत्रालय के आदेश पर राज्य के डीजीपी ने आदेश जारी किया है। सभी जिलों के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने के बाद कार्रवाई रिपोर्ट भी पुलिस मुख्यालय ने जिलों के एसपी से मांगी है।

कुंभ मेले में गया परिवार, चोरों ने तोड़ दिया घर का ताला

रामगढ़ । रामगढ़ शहर के मुर्रामकला में कुंभ मेले में गए एक परिवार के घर को चोरों ने निशाना बनाया। घर का ताला तोड़कर अलमारी से लाखों रुपए के जेवर, नगद और जमीन के दस्तावेज चोरी कर ले गए। इस मामले में घर के मालिक मिथिलेश कुमार के भाई दामोदर महतो ने बुधवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दामोदर महतो ने पुलिस को बताया कि उनका भाई मिथिलेश कुमार अपने परिवार के साथ कुंभ मेले में गया हुआ था। 11 फरवरी की रात दो चोर उस घर में घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर ले गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी 80 वर्षीया मां सालखो देवी ने दोनों चोरों को भागते हुए भी देखा। दामोदर महतो ने पुलिस को बताया कि देर रात जब टूटने फूटने की आवाज आई तो उनकी मां सालखो देवी ने दो चोरों को भागते हुए देखा। उन्होंने शोर मचाया तो कई लोग वहां जुट गए। घर के अंदर जब लोगों ने प्रवेश किया तो देखा की मुख्य द्वार का कुंडी टूटा हुआ है और बेडरूम में अलमीरा भी खुला हुआ है। बाद में जब मिथिलेश कुमार से फोन पर बात हुई तो पता चला कि सोने और चांदी के जेवर के साथ-साथ 15 हजार नगद और जमीन के मूल दस्तावेज चोरी हो गया है।

माघ पूर्णिमा पर रांची के मंदिरों में रही भीड़

रांची । माघ पूर्णिमा पर राजधानी रांची के विभिन्न मंदिरों में बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु सुबह नहा धोकर मंदिरों में पूजा अर्चना कर दान पुण्य किया। रांची के पहाडी मंदिर, जगरनाथपुर मंदिर, मेन रोड स्थित काली मंदिर, मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भीड़ देखी गयी। इस दौरान रांची के पुंदाग स्थित राधा- कृष्ण मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में पूर्णिमा में विशेष पूजा- पाठ और विशेष आरती का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने किया था। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर का संचालन प्रणामी ट्रस्ट करता है। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत पूजा- अर्चना कर भोग लगाया तथा पूरे विधि विधान से पूजा संपन्न कराया। इसके बाद सामूहिक रूप से आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। माघ ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा- पाठ किया गया?? तथा भजन- कीर्तन में सदस्यों ने एक से बढ़कर एक भजन गाए। मधुर भजनों पर भक्त खूब झूमे। उन्होंने बताया कि माघ पूर्णिमा का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना गया है। यह पर्व पूर्णिमा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को

50 हजार नए सदस्य बनाए राजद कार्यकर्ताः राजकुमार

गिरिडीह । जिला राष्ट्रीय जनता दल ने बुधवार से सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इसे लेकर अम्बेदकर भवन में पार्टी द्वारा कार्यक्रम किया गया, जिसमें जिला प्रभारी राजकुमार गुप्ता ने पार्टी नेतृत्व से मिले सदस्यता अभियान की जानकारी कार्यकर्ताओं के साथ साझा की। कहा कि जिले में 50 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी ने सौंपा है। इस पर कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं। उन्होंने राजधनवार और जमुआ प्रखंड में सबसे अधिक नए सदस्यों को जोड़ने की नसीहत दी। कहा कि 31 मार्च तक सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूर्ण कर लें।कार्यक्रम में कोडरमा लोस सीट के अलावा जमुआ और धनवार विस की सीट पर हकदारी जताई गई। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि इन सीटों पर तैयारी शुरु कर दें। मौके पर प्रदेश महासचिव शत्रुघ्न यादव, प्रदेश सचिव ग्यासुद्दीन अंसारी, प्रदेश नेता मो. शाहिद, डॉ. रितेश सिंह, जिलाध्यक्ष नाथेश्वर ठाकुर, प्रधान महासचिव इनाम आलम, जिला उपाध्यक्ष मंटू यादव, शबदर अली, गावां प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र यादव, गिरिडीह प्रखंड अध्यक्ष दशरथ यादव, बेंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश्वर साव, युवा अध्यक्ष इरफान आलम, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव कामरान अंसारी आदि ने भी विचारों को रखा। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष मौलाना जाकिर ने किया।

कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की शहादत पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जताई गहरी संवेदना

रांची । राष्ट्र सुरक्षा सर्वोपरि की परम्परा का निर्वहन करते हुए,कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान जम्मू कश्मीर में सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सेना के कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी को देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने गहरी संवेदना प्रकट करते हुए नमन किया है। उन्होंने कहा दुःख की इस घड़ी में हम शोक संतप्त परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

गिरोह बनाकर साइबर अपराध को अंजाम देते चार अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता

जामताड़ा । साइबर पुलिस तकनीकी रूप से जितना मजबूत हो रही है, साइबर अपराधियों की मुसीबत भी उतनी ही बढ़ती जा रही है। पुलिस के गिरफ्त में अब सिर्फ एकल अपराधी ही नहीं बल्कि संगठित रूप से साइबर अपराध को अंजाम देने वाले गिरोह पकड़ में आने लगे हैं। इसी क्रम में पुलिस ने साइबर अपराध में शामिल एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। साइबर डीएसपी चंद्रशेखर के नेतृत्व में गठित टीम ने नारायणपुर थाना क्षेत्र के पविया स्थित रायडीह के पास स्थित हरिन तालाब के निकट छापेमारी की, जहां चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, इस ऑपरेशन

के दौरान दो अपराधी फरार होने में सफल रहे। साइबर डीएसपी चंद्रशेखर ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार किए गए अपराधियों में काशिद अंसारी और सादाव अंसारी, दोनों ग्राम कुरुवा थाना कर्माटांड़ के निवासी हैं, जबकि सिद्धीक अंसारी ग्राम पतरोडीह और आशिक अंसारी ग्राम बाकुडीह, दोनों थाना नारायणपुर के निवासी हैं। इन सभी ने रायडीह के हरिन तालाब के पास एकत्र होकर साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया था। जांच में पुलिस को गिरफ्तार अपराधियों के पास से 23 मोबाइल फोन, 25 सिम कार्ड, तीन एटीएम कार्ड, दो आधार कार्ड और तीन पैन कार्ड बरामद हुए। इन आरोपियों का तरीका काफी चालाक था। वे फेसबुक पर डेबिट और क्रेडिट कार्ड के विज्ञापन डालकर लोगों को झांसा देते थे और फिर ऐप फाइल भेज कर मोबाइल स्क्रीन शेयरिंग के माध्यम से ठगी करते थे। उनके कार्यक्षेत्र में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और झारखंड के विभिन्न राज्य शामिल थे। जामताड़ा साइबर थाना में इस मामले के खिलाफ कांड संख्या 11/25 दर्ज कर आरोपियों को विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने यह भी बताया कि फरार दो अपराधियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह कार्रवाई साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आम जनता को धोखाधड़ी से बचाने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में इस तरह की और छापेमारी की जाएगी ताकि साइबर अपराधियों को पकड़ा जा सके और उनका नेटवर्क तोड़ा जा सके। साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्क रहें नागरिक, कोई भी संदिग्ध गतिविधि पुलिस के पास रिपोर्ट करें।

वाहन चोरी मामले में तीन गिरफ्तार, आठ बाइक बरामद

पथरगामा प्रतिनिधि/ गोड्डा ~ जिले में लगातार हो रहे वाहनों की चोरी की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जिले भर में चोरी की गई वाहनों की खोजबीन और चोरों की गिरफ्तारी को लेकर हर जगह छापेमारी की जा रही है। वहीं उक्त मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को मिली गुप्त सूचना के आलोक में उनके आदेशानुसार थाना प्रभारी पथरगामा थाना के नेतृत्व में पथरगामा थाना अन्तर्गत विभिन्न जगहों पर मंगलवार 11 फरवरी को सघन छापामारी किय गया। जहां छापामारी के क्रम में तीन अभियुक्त के पास एवं उनके निशानदेही पर कुल आठ चोरी के मोटरसाईकिल को बरामद किया गया है। साथ ही इस कांड में संलिप्त सभी प्राथमिकी अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा बरामद सभी मोटरसाईकिलों को विधिवत जप्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान आलमगीर अंसारी पिता शमसुल अंसारी ग्राम रूपुचक, जय कुमार भगत पिता उमाशंकर भगत, ग्राम रजौनकला, मुन्ना पाण्डेय पिता स्व0 विजय पाण्डेय ग्राम अम्बा सभी थाना पथरगामा, जिला गोड्डा के रूप में हुई। छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोहर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रवि किस्कु, सहायक अवर निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार पासवान, सहायक अवर निरीक्षक ज्योति कुमार तिवारी एवं थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल थे।

65 वर्षीय व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत, चालक फरार

मिहिजाम। मिहिजाम थाना क्षेत्र के एनएच-419 पर बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे के आसपास मंडल मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। इस हादसे में 65 वर्षीय सोनेलाल मुर्मू पिता बलदेव मुर्मू, ग्राम बांदलाखो की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक साइकिल से जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के समय मृतक के साथ एक महिला भी थीं, जिन्हें हल्की चोटें आईं। महिला ने बताया कि मृतक खैरा गांव के निवासी थे। टक्कर के बाद कुछ देर तक चालक और खलासी रुके रहे, लेकिन जब स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुटने लगे, तो वे वाहन लेकर फरार हो गए। हालांकि, पुलिस ने आगे जाकर वाहन को जब्त कर लिया। हादसे के तुरंत बाद गुडविल क्लब के सदस्यों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे मौके पर पहुंचे और शव को जामताड़ा सदर अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी ने मौके पर मौजूद लोगों से अपील की कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करें और तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति भी जागरूक किया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मंगलवार की रात पुलिस द्वारा जब्त किया गया कोयला लदा ट्रक, कागजात की हो रही जांच

कुंडहित (जामताड़ा) ~ मंगलवार की रात कुंडहित पुलिस रात्रि गस्ती के दौरान दुमका की और जा रहे कोयला लदा ट्रक को जब्त कर थाने के बाहर सुरक्षित रखा। पुलिस पुलिस द्वारा जप्त किया कोयला लदा ट्रक का कागजात की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात कुंडहित पुलिस के द्वारा रात्रि गस्ती के दौरान बारमेशिया मोड़ पर एक कोयला लदा ट्रक जब्त किया गया। ट्रक संख्या एनएल 01 ए जी 3658 बंगाल के पांडेश्वर से कोयला लोड कर सिलीगुड़ी जा रहे थे। इस दौरान रात्रि गस्ती के दौरान कुंडहित पुलिस द्वारा नाला की ओर से आ रहे कोयला लदा ट्रक को बारमेशिया मोड़ पर रोककर कागजात दिखाने को कहां गया। इस संबंध में ट्रक के चालक गिरिडीह जिले के मिलन राय ने ने बताया मंगलवार की रात बंगाल के पांडेश्वर से कोयला लोड कर सिलीगुड़ी जाने हेतु निकले थे। थाना प्रभारी विनय यादव ने बताया जप्त कोयला ट्रक की कागजात की जांच किया जा रहे है। जांच के उपरांत ही आगे की कारवाई किया जाएगा।

प्रखंड के लखीबद सहित विभिन्न गांवो में हुआ विशेष कानूनी जागरूकता शिविर आयोजन

कुंडहित(जामताड़ा) । बुधवार को कुंडहित प्रखंड के लखीबाद, भिलाडीह, बेनीगंज सहित विभिन्न गांवों में जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के निर्देशानुसार कानूनी जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार झालसा के निर्देश पर जिले भर में पारा लीगल वॉलिंटियरों के माध्यम से 90 दिवसीय विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को आयोजित शिविरों के दौरान पीएलवी नोनीगोपाल गोराई, सीमा घोष और गोराचंद सिंह के द्वारा कुंडहित प्रखंड अंतर्गत लखीबाद, भिलाडीह एवं बेनीगंज गांव में उपस्थित ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली निःशुल्क सहायता के साथ घरेलू हिंसा, बाल- विवाह, दहेज प्रथा रोकथाम के साथ साथ आधार कार्ड,राशन कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों से अपनी समस्याओं के निदान के लिए डीएलएसए के सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। साथ ही पीएलवी ने बताया कि कानूनी सहायता मुफ्त में लेने के लिए 15100 पर कॉल कर सकते हैं। मौके पर संबंधित गांवो के काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

जिलेभर में आज मनाई जाएगी शब ए बारात, तैयारी पूरी, रोजेदारों के लिए किए गए खास इंतजाम

जामताड़ा । जिले में बुधवार और गुरुवार को दो दिवसीय शब ए बारात का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा और रोजा रखा जाएगा इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर विशेष धार्मिक और सामाजिक आयोजन किए जाएंगे। जिलेभर के मस्जिदों में रात भर विशेष प्रार्थनाएं, दुआएं और नमाजें अदा की जाएंगी। शब ए बारात एक महत्वपूर्ण इस्लामिक त्योहार है, जिसे मुस्लिम समाज द्वारा अपनी रोज़ी-रोटी, सेहत, और अन्य खुशहाली के लिए दुआएं मांगी जाती हैं। इस दिन को लेकर प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है और रोजेदारों की संख्या के हिसाब से विशेष इंतजाम किए हैं। जिलेभर के मस्जिदों, कब्रिस्तानों, और अन्य धार्मिक स्थानों पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। स्थानीय अधिकारियों द्वारा सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। साथ ही, धार्मिक स्थलों के आसपास यातायात की व्यवस्था भी सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। शब ए बारात के मौके पर रातभर विभिन्न मस्जिदों में विशेष प्रार्थनाएं और दुआएं अदा की जाएंगी। इस दौरान मुसलमान समुदाय के लोग अपने परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों के लिए खुशहाली और सुख-शांति की दुआ मांगते हैं। जामताड़ा की प्रमुख मस्जिदों में इस दिन को लेकर विशेष धार्मिक कक्षाएं, तकरीर और रात्रि जागरण आयोजित किए गए हैं। धार्मिक आयोजनों में हजारों लोग शामिल होने के लिए आएंगे। समाजसेवी संस्थाएं भी शब ए बारात के अवसर पर विभिन्न समाजसेवी कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं। इन संस्थाओं द्वारा गरीबों, जरूरतमंदों और असहाय लोगों के बीच खाने-पीने की सामग्री और आवश्यक वस्त्र वितरित किए जाएंगे। शब ए बारात का पर्व सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि यह सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी देता है। इस दिन को मनाते समय लोग आपस में मिलजुल कर और एक-दूसरे के साथ खुशियों में शरीक होते हैं। इस मौके पर लोग एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं देते हैं और एक दूसरे की खुशहाली की कामना करते हैं।

नारायणपुर में विधिक जागरूकता अभियान, ग्रामीणों को दी गई कानूनी सहायता की जानकारी

नारायणपुर, (जामताड़ा)जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा के तत्वाधान में झालसा, रांची के निर्देशानुसार बुधवार को पंचायत बुधुडीह के आनंदपुर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के समीप विधिक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।इस अभियान में प्राधिकार के पैरा लीगल वॉलंटियर मोहम्मद महफूज आलम और शहादत अली ने ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी कानूनी समस्या के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा कार्यालय में कार्य दिवस के दौरान आवेदन देकर सहायता प्राप्त की जा सकती है।इस दौरान 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान की जानकारी भी दी गई, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण लाभ उठा सकें। साथ ही, विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मिथुन सोरेन, टेक लाल दास, परिमल सोरेन, दुर्गा सोरेन, शिवलाल सोरेन, सुनील सोरेन, भूषण सोरेन सहित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका, सहायिका और अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

भारतीय रेलवे के 100 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा को नजदीक से जान रहे स्कूली छात्र

चित्तरंजन । भारतीय रेलवे में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के 100 वर्ष पूरे होने पर चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना द्वारा विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की गई है। इसके तहत चित्तरंजन के विभिन्न स्कूलों के छात्रों को चिरेका के ऐतिहासिक स्थलों का परिभ्रमण कराया जा रहा है।देशबंधु गर्ल्स हाई स्कूल, चित्तरंजन की छात्राओं ने लोको पार्क और वर्कशॉप का दौरा कर 1925 से 2025 तक भारतीय रेलवे की ट्रैक्शन यात्रा के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी तरह, 11 फरवरी को बर्नपुर रिवरसाइड स्कूल, चित्तरंजन के छात्रों ने भी इस परिभ्रमण में भाग लिया था।यह कार्यक्रम आगामी 28 फरवरी तक जारी रहेगा, जिसमें चित्तरंजन हाई स्कूल (अंग्रेजी माध्यम), देशबंधु बॉयज हाई स्कूल, केंद्रीय विद्यालय और चित्तरंजन महिला समिति गर्ल्स एचएस स्कूल के छात्र-छात्राएँ भी इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनेंगे। कार्यक्रम के दौरान, बच्चों को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से रेलवे की विरासत और इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के विकास की जानकारी दी जा रही है, जिससे वे भारतीय रेलवे के योगदान को गहराई से समझ सकें।

गांधी मैदान से निकलेगी प्रभु श्री राम की भव्य और आकर्षक झांकी

जामताड़ा । आगामी 19 फरवरी से 28 फरवरी तक गांधी मैदान में श्रीराम कथा का आयोजन होना तय है। समिति के द्वारा भव्य श्री राम कथा के आयोजन को लेकर तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है। इस निमित्त बुधवार को वरिष्ठ स्थानीय अधिवक्ता मोहन बर्मन के आवास में प्रमुख धर्म प्रेमियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राजा नित्य गोपाल सिंह ने की ।उपस्थित सभी लोगों ने वृंदावन के संत श्री श्री अंकित महाराज जी के सानिध्य में होने वाले राम कथा पर विस्तृत रूप से चर्चाएं की और इसे व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए संपूर्ण जामताड़ा के धर्म प्रेमियों का समाहित करते हुए ,बैठक पर चर्चा करते हुए विचार विमर्श किया गया । कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ,रामकथा समिति के संजोयक तरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि आज इस बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयारी की गई और जामताड़ा के बुद्धिजीवी और धर्म प्रेमियों को अलग-अलग व्यवस्था के नियमित जिम्मेवारी दी गई। कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हो इसके लिए हर लोगों का राय और विचार विमर्श लिया गया। आज सनातन प्रेमी के लिए गर्व का विषय है कि हम प्रभु श्री राम के वंशज हैं और उनके सानिध्य में इस देश को कैसे सफलता और संस्कृति से जोड़ा जाए, इस पर सदैव चिंतन करते रहते हैं।

मनाई गई संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती

जामताड़ा । संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 648 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष पर जामताड़ा शहर के पांडेडीह मोहल्ले में धूम धाम से मनाया गया। ग्राम वासियो द्वारा गुरु रविदास जी की जन्म जयंती पर विधि पूर्वक उनकी पूजा अर्चना किया गया साथ में प्रसाद वितरण भी किया गया , मोके पर ग्राम वाशियो ने गुरु रविदास जी की संदेशो को जन जन तक पहुचाने का संकल्प लिया और उपस्थित ग्राम के वरिष्ठ लोगों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किया और रंजन दास ने कहा की--चौदहवी और पंद्रहवी सदी के संत रविदास कबीर और गुरु नानक के समकालीन एक महान भक्त कवि, आध्यात्मिक गुरु और समाज सुधारक रहे थे। दलित परिवार से आए रविदास ने जूते बनाने का व्यवसाय करते हुए सन्तों की संगति में अध्यात्म और सामाजिक समानता का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर ने के बाद %मन चंगा तो कठौती में गंगा% का उद्घोष कर रूढ़िवादी समाज को जातिगत और धार्मिक श्रेष्ठता की जगह आंतरिक पवित्रता, निर्मलता, प्रेम और मानवीय करुणा का मंत्र दिया था। सामाजिक और धार्मिक बराबरी और निश्छल भक्ति का अलख जगाते उनके पद और दोहे हमारे साहित्य के अनमोल धरोहर हैं। रहस्यमय, कठिन, जटिल दार्शनिक रहस्यों को बोलचाल की सरल भाषा में समझा कर उन्होंने अशिक्षित और समाज की मुख्य धारा से कटे लोगों के लिए आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त किया।

भाजपा नाला मंडल स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

संवाददाता नाला (जामताड़ा)---- नाला पीडब्ल्यूडी में भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024 के निमित्त नाला मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला की अध्यक्षता नाला मंडल अध्यक्ष किशन मुर्मू ने की। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सह वरिष्ठ नेता माधव चंद्र महतो तथा नाला मंडल प्रभारी सुनील कुमार हांसदा मौजूद रहे7 इस अवसर पर इन पदाधिकारियों की देखरेख में शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी एवं शक्ति केंद्र सह चुनाव अधिकारी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस दौरान नाला शक्ति केंद्र के चुनाव अधिकारी-चन्द मोहन घोष सह शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी सुभाष राय का चयन किया गया7वहीं चकनायापाडा - दीपक घोष,दलाबड़ ,- काजल बाउरी,पांजुनिया - गोपीनाथ राउत,पाकुड़िया -निरंजन मंडल, कुलडंगाल -कैलाश मंडल,टेसजुड़िया - गरीब देवांशी, धोबना - बिधान गोराई,मोरबासा -कृष्णा मंडल,कास्ता - नीलकंठ सोनार,महेशमुंडा - निमाय घोष ,बडारामपुर - प्रदीप मंडल,अफजलपुर - राजु दास का चयन किया गया। इस दौरान पार्टी केंद्र के निर्देश पर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई साथ ही कार्य दायित्व को लेकर भी बताया गया।इस अवसर पर जिला सह चुनाव अधिकारी सुकमणि हेम्ब्रम, बिधान चंद्र गोराई, पूर्व जिला उपाध्यक्ष तापस भट्टाचार्य, सुरेश चंद्र मंडल,अनाथ चंद्र गोराई, गौतम माजी, सजल गोराई, आस्तिक घोष, दीपक घोष, उत्तम पाल,चन्द्र मोहन घोष,काजल बाउरी, बच्चू लोहार, सुबोध मंडल, शेख आबुल, गिरधारी ठाकुर, निमाई चंद्र घोष ,सुभाष राय,जिला महामंत्री दिलीप कुमार हेम्ब्रम, विपद घोष,प्रभात कुमार,निरंजन मंडल, असीम मंडल,अर्जुन मंडल, कैलाश मंडल, विजय सिंह ,रवि लाल गोराई,कार्तिक दास,सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

नाला (जामताड़ा)-- बुधवार को पौधा संरक्षण विभाग जामताड़ा के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस दौरान प्रशिक्षकों ने किसानों का फील्ड दौरा कर किसानों को प्रायोगिक जानकारी दी। इस अवसर पर नाला एवं कास्ता पंचायत के किसानों को विभिन्न प्रकार के मित्र किट एवं शत्रु किट की जानकारी दी गई। खेतों में ले जाकर किसानों को मित्र किट एवं शत्रु किट की पहचान भी कराई गई। वहीं खेतों में लगे विभिन्न प्रकार के पौधों को होने वाले रोगों को दिखाया गया एवं इसके उपचार के जैविक एवं रासायनिक विधि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कास्ता के किसानों के बीच अनुदानित दर पर पंद्रह किसानों के बीच स्प्रे मशीन का वितरण स्थानीय मुखिया मिनिसर मुर्मू के कर कमलों द्वारा की गई।इस अवसर पर जामताड़ा बीटीएम मो0 इकबाल हुसैन, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुजीत कुमार सिंह, किसान पूर्ण मंडल, नदियानंद मंडल, सच्चिनंदन पाल , गोपी नाथ साधु, प्रदीप मंडल, दीपक मंडल ,सौरभ मंडल ,केशव मंडल, मंगल मल्लीक ,गुणधर मंडल ,गणेश मल्लिक, धरम माजि, जियालाल चार, पहल मंडल, गणेश टुडु, प्रदीप सोरेन, जयदेव टुडू ,पतित भंडारी, मुनमुन चौहान ,काशीनाथ मंडल आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय ने जीता मैत्री क्रिकेट मैच

गोड्डा । जिला मुख्यालय स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय बालक एवं मुख्य मंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय बालिका के शिक्षकों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। इसमें टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालक की टीम ने आठ विकेट पर 138 रन बनाए। इसमें महानंद कुमार ने 70 रनों बनाने में कामयाब हुए। इस स्कोर का पीछे करने उतरी जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय की टीम ने 24.2 ओवर में ही पांच विकेट खोकर आसानी से 142 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। इसमें कप्तानी पारी खेलते हुए निंरजन कुमार नीरज ने 82 रनों का अहम योगदान दिया। बालिका विद्यालय की सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या नूतन कुमारी खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।

दक्षिणीडीह में आयोजित होनेवाले यज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहण

नारायणपुर(जामताड़ा) दक्षिणीडीह में 2 मार्च से आयोजित होनेवाले 9 दिवसीय श्री श्री1008 मारुतिनंदन रुद्र महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर हैं। भगवान को आमंत्रण देने के लिए विधिवत यज्ञ ध्वजा गाड़कर पूरे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसको लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। इस आयोजन में दक्षिणीडीह, बेलाटांड़ सहित कई ग्रामों के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा क्षेत्र यज्ञ पताकाओं से सजा हुआ नजर आया और जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। काफी संख्या में लोग यज्ञ पताका के साथ चल रहे थे, इस अवसर पर यज्ञ पताको के साथ जयघोष के साथ श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई।इस अवसर पर मुख्य यजमान हरिहर प्रसाद सिंह, यज्ञ समिति के अध्यक्ष चमेली देवी, प्रदीप चौधरी, जयकिशोर सिंह, सचिदानंद सिंह, उदय किशोर, धननंजय सिंह, गोकुल तुरी, रामलाल महतो समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अबुआ आवास के लाभार्थी को ग्रामीण विकास मंत्री ने सौंपी मकान की चाबी

ठाकुरगंगटी संवाददाता ~ प्रखंड क्षेत्र के रूंजी पंचायत अंतर्गत परसबन्नी मैदान पर बुधवार को शुभ गृह प्रवेश और फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को किट वितरण कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायत की आठ दर्जन से अधिक आवास की लाभुकों को उनके आवास की चाभी सौंपी। लाभुकों को एक-एक दीवार घड़ी से भी सम्मानित किया गया। वहीं कई फुटबॉल टीमों के खिलाड़ियों को किट उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में उपस्थित सबों को संबोधित करती हुई ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि सबों का था सपना सबों का घर हो अपना। इसी तर्ज पर झारखंड सरकार द्वारा गरीब ग्रामीण, दबे कुचले, पिछड़ा, आदिवासियों, दलितों, आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को अबूआ आवास उपलब्ध कराया गया है। झारखंड सरकार की सोच है की प्रदेश का कोई भी परिवार घर से बेघर नहीं रहे। सबों को तीन कमरे वाला अपना निजी पक्के का घर हो। प्रदेश की तमाम परिवार खुशहाली और अमन चैन के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सकें। कहा विपक्षी लोग बेवजह गुमराह करने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन उनका एक भी नहीं चला। मईया सम्मान योजना भी महिलाओं के सहयोग के लिए दिया जा रहा है। साथ ही साथ बुजुर्गों को मिलने वाले वृद्धावस्था पेंशन की भी राशि बढ़ाने की बात चल रही है। उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो, एस डी ओ आलोक वरण केसरी, बी डी ओ विजय कुमार मंडल, प्रभारी प्रमुख कुंदन कुमार महतो, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह मुखिया अवधेश ठाकुर, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष इग्नाशियस मुर्मू आदि उपस्थित थे।

पहाड़ियां महिला के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म की घटना को दिया अंजाम,, एक गिरफ्तार

ललमटिया संवाददाता/ गोड्डा ~ जिले में एक बार फिर आदिम जनजाति पहाड़ियां महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामला जिले के सुदूरवर्ती राजाभीठा थाना क्षेत्र का है। जहां रतनपुर साप्ताहिक हाट से महिला लौट रही थी। इसी क्रम में केड़ोंकुप्पी गांव के समीप बाइक सवार दो युवकों ने महिला को रास्ता में रोक कर जबरन एक सुनसान खुले मैदान की ओर घसीट कर ले गया। जिसके बाद दोनों ने बारी बारी से महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के शोर मचाने पर आस पास लोगों की भीड़ जुट गई। तभी दोनों युवक अपनी बाइक को घटना स्थल पर छोड़ मौके से फरार हो गया। जिसके बाद आरोपी का बाइक को ग्रामीणों ने पीड़िता के गांव ले गया और पीड़ित महिला का प्राथमिक उपचार कराया। घटना शनिवार देर शाम की है। पीड़िता ने बताया की घटना के बाद मामला दर्ज कराने स्थानीय राजाभीठा थाना पहुंचे थे। लेकिन पुलिस ने मामले में गंभीरता नहीं दिखाया और आवेदन लेने से इनकार कर दिया और पीड़िता को प्राथमिक की दर्ज न करने की सलाह देते हुए आरोपियों से समझौता कर लेने की हिदायत दे दी। जिसके बाद पीड़िता ने थाना का चक्कर काट कर थक गई जब मामला दर्ज नहीं हुआ तो पीड़ित ने गोड्डा पुलिस अधीक्षक अनिमेष नेथानी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। जिसके बाद पुलिस रेस में आई और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान विशाल पहाड़ियां थाना राजाभीठा जिला गोड्डा का रहने वाला है। पूरे मामले पर गोड्डा पुलिस अधीक्षक अनिमेष नेथानी ने बताया की सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के एक महिला के साथ हाट से लौटते वक्त दो युवकों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें एक की गिरफ्तारी हो गई है। और दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

भाजपा द्वारा बिशेष कार्यशाला का किया गया आयोजन

नारायणपुर(जामताड़ा)भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनाव को लेकर नारायणपुर मंडल में एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा संगठनात्मक जिला चुनाव अधिकारी बबन गुप्ता, मंडल प्रभारी संजय मंडल उर्फ पप्पू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी आनंद पोद्दार, वरिष्ठ नेता संजय मंडल, सुशील पोद्दार, संजय पोद्दार, नारायणपुर मंडल अध्यक्ष दीपक सिन्हा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे कार्यशाला में संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया, भूमिका और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित नेताओं ने भाजपा संगठन को और मजबूत करने के लिए सुझाव दिए और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

गोड्डा । जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत सिकटीया आईटीआई कॉलेज के नजदीक बाना घुट्टू मेला मैदान में अमर शाहिद बाबा तिलका मांझी मेला के दूसरे दिन बुधवार फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य संयोजक मंडली सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश मंडल के द्वारा किया गया। सर्व प्रथम मेला मैदान अवस्थित अमर शहीद बाबा तिलका मांझी प्रतिमा पर फूल माला अर्पण कर पूजा किया गया। फिर माली गंगटा फुटबॉल टीम और मकुंडी दिकवानी फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों से परिचय करते हुए उद्घाटन कर्ता राजेश मंडल के द्वारा टॉस कराकर फुटबॉल को किक मारकर खेल का शुभारंभ किया गया। इस दौरान राजेश मंडल ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि ये मेला लगातार 29 बरसों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले लगाया जा रहा है। मेला अध्यक्ष सोम मरांडी जो हमारे झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष के द्वारा लगातार ये प्रयास किया जाता रहा है कि कैसे मेला में आदिवासी समाज का ज्यादा से ज्यादा जुड़ाव हो और कैसे भव्य आयोजन हो। मेले में फुटबॉल के अतिरिक्त ग्रीस पोल, तीरंदाजी, कुर्सी रेस, बैलून फोड़, बोतल में पानी भरना और जिलेबी रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन होता है। कल मेले का समापन सह पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन होगा। उद्घाटन समारोह में राजेश मंडल के साथ साथ मेला अध्यक्ष सोम मरांडी, मेला सलाहकार सह झामुमो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद महतो, नगर झामुमो समिति के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार देवा, पूर्व कोषाध्यक्ष सुमन कुमार, नगर झामुमो नेता मिन्हाज अंसारी, गंगटा ग्राम प्रधान और झामुमो नेता प्रेम नंदन कुमार उपस्थित हुए।

10 क्विंटल जावा

ट्रंप ने सारी दुनिया में गिराई अमेरिका की साख

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी भ्रष्ट आचरण कानून पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। ट्रंप के इस आदेश के बाद विदेश में व्यापार या ठेका हासिल करने के लिए अब अमेरिकी कंपनी द्वारा रिश्वत देना अपराध नहीं होगा। अभी तक अमेरिकी कानून के अनुसार यह एक बड़ा अपराध था, जिसके कारण अमेरिकी सरकार अथवा अमेरिका की कंपनियां जो सारी दुनिया के देशों में जो व्यापार करती थी, इस कानून से यह संदेश जाता था, अमेरिका की कंपनियां अन्य देशों में रिश्वत नहीं देती हैं। जिसके कारण अमेरिका की सरकार और अमेरिकी कंपनियों की साख पूरी दुनिया के देशों में बनी हुई थी। लुके-छुपे तौर पर यदि कोई कंपनी या व्यक्ति इस तरीके की कोशिश करता था, ऐसी स्थिति में अमेरिकी कानून के अनुसार उसे आर्थिक तथा आपराधिक मामलों में सजा से दंडित किया जाता था। ट्रंप ने जो निर्णय अभी लिया है, उससे सारी दुनिया के देशों में यह संदेश गया है। अमेरिका की कंपनियां अपने लाभ के लिए दुनिया के किसी भी देश के राजनेता, अधिकारियों या कारोबारियों को रिश्वत देकर ठेका हासिल कर सकती हैं। ?रिश्वत देकर सामान खरीदने-बेचने के कांटेक्ट हासिल कर सकती हैं। अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों को इस ?निर्णय से सबसे बड़ा नुकसान होने जा रहा है। किसी भी देश में अमेरिका की कंपनियों से व्यापार या कारोबार किया जाएगा, वह सभी शक के दायरे में होंगी। जिन देशों के कारोबारी या सरकारें अमेरिकी कंपनियों से खरीददारी करेंगी, उन्हें भी शक की निगाह से देखा जाएगा। ट्रंप का यह निर्णय ऐसे समय पर आया है, जबकि अमेरिकी कानून के अनुसार भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी सहित आठ लोगों के ऊपर अमेरिका में अपराधिक मामला दर्ज है। 21 नवंबर 2024 को अमेरिका की कोर्ट में 2200 करोड़ रुपए की घूस के मामले में गौतम अडानी और अन्य के खिलाफ वारंट जारी हो चुके हैं। वारंट जारी होने के बाद से गौतम अडानी अमेरिका नहीं जा पा रहे हैं। उनका व्यवसाय पूरी दुनिया में प्रभावित हुआ है। गौतम अडानी ने अमेरिकी कानून से बचने के लिए वहां के सांसदों को अपनी पैरवी में उतारा था। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अडानी को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर भी राजनायिक और कूटनीतिक संबंधों का इस्तेमाल कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के पहले भारत सरकार ने जिस तरह से आयात-निर्यात व्यापार में अमेरिका के पक्ष में शुल्क को घटाया है, वह सब अडानी समूह की राहत से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रंप और एलन मस्क की जोड़ी की राजनेता के स्थान पर एक कारोबारी के रुप में पहचान है। दोनों ही अपने ?निजी कारोबार एवं फायदे को ध्यान में रखते हुए अमे?रिकी सरकार के निर्णय कर रहे हैं। गौतम अडानी और भारतीय कारोबार पर एलन मस्क की भी नजर है। डोनाल्ड ट्रंप भी भारत में अपना कारोबार बढ़ाने के प्रयास में लगे हुए हैं। गौतम अडानी की गर्दन पूरी तरह से अमेरिका के शिकंजे में फंस गई है। भारत सरकार किसी भी कीमत पर गौतम अडानी को अमेरिकी कानून के चक्कर से बचाना चाहती है। अडाणी को बचाने के चक्कर में भारत को काफी आर्थिक नुकसान उठाने पड़ेंगे। दीर्घकालीन कई ऐसे समझौते हो सकते हैं, जिसके कारण भारत के ?हित बुरी तरह से प्रभावित होंगे। अमेरिका को भी अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान होने की आशंका बन गई है। डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की नैतिकता और पारद?र्शिता पूरी तरह से दुनिया के देशों में खत्म होगी।

दिल्ली से आम आदमी पार्टी की विदाई

हर्षवर्धन पाण्डे

दिल्ली की राजनीति में भाजपा की हालिया जीत और आम आदमी पार्टी की हार ने मौजूदा दौर में कई सवाल खड़े किए हैं। दिल्ली में जब चुनावी डुगडुगी बजी तो भाजपा और आप दोनों ही दलों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले केजरीवाल दिल्ली के चुनावों में हमेशा नरेटिव बनाया करते थे और विपक्ष उसकी काट नहीं ढूंढ पाता था लेकिन इस बार भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी जीत के लिए सशक्त प्रचार की रणनीति अपनाई। मोदी ने चुनावी रैलियों में आप के खिलाफ दिल्ली का पैसा लूट लिया का बेहतर नरेटिव बनाकर भाजपा को प्रचार में आगे किया और केजरीवाल की रेवड़ी के नहले पर बड़ी रेवड़ी का दहला मारकर आप के कामकाज पर सवाल उठाए। साथ ही दिल्ली की जनता से वादा किया कि भाजपा सरकार बनने पर विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। मोदी और अमित शाह का प्रचार अभियान बड़े पैमाने पर था, जो स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता से जुड़ा हुआ था।आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह रही कि उसने पिछले कुछ वर्षों में जिन विकास कार्यों को सबसे बड़ी सफलता के रूप में प्रस्तुत किया था, वे अब जनता के लिए उतने प्रभावी नहीं रहे। शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली-पानी के मुद्दों पर भले ही आप ने दिल्ली के लोगों को आकर्षित किया हो लेकिन यह महसूस किया गया कि अब कुछ नया नहीं है। लोगों ने यह देखा कि आप की सरकार दिल्ली में कुछ बड़े मुद्दों को सुलझाने में विफल रही जैसे रोजगार, महिला सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण। इसके साथ यमुना की सफाई नहीं हो सकी। आप में आंतरिक कलह और नेतृत्व की कमी भी हार का एक बड़ा कारण बनकर सामने आई। पार्टी के भीतर लगातार आपसी विवाद और संगठन के भीतर असंतोष ने आम आदमी पार्टी की छवि को प्रभावित किया। रही-सही कसर शराब घोटाले और इस मामले में उसकी टॉप लीडरशिप के जेल जाने ने पूरी कर दी।

अरविंद केजरीवाल का नेतृत्व इस बार उतना प्रभावी नहीं था, जितना पहले था। दिल्ली में भाजपा ने एक बड़ी रणनीति के तहत पूर्वांचल समुदाय के लोगों के वोट बैंक के साथ महिला वोट बैंक और कुछ झुग्गियों के वोट बैंक को अपने पाले में खींचने में सफलता हासिल की। भाजपा ने अपनी रैलियों में स्थानीय मुद्दों को बेहतर तरीके से उठाया और यह संदेश देने की कोशिश की कि केवल वे ही दिल्ली के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में यह रणनीति काम आई क्योंकि भाजपा ने हर वर्ग को आकर्षित करने के लिए अपनी विचारधारा को मजबूती से प्रस्तुत किया इसमें कोई संदेह नहीं है कि केजरीवाल को मात देने के लिए भाजपा और संघ ने पूरा दम लगाया। उसने धारणा के स्तर पर केजरीवाल की कट्टर ईमानदार की छवि भंग कर दी थी और माइक्रो मैनेजमेंट किया।अरविंद केजरीवाल अन्ना की टोपी पहनकर ईमानदारी की राजनीति करके सत्ता में आए थे। दिल्ली की जनता उनसे संपूर्ण ईमानदारी की उम्मीद कर रहा था। तभी शराब नीति से जुड़े घोटाले में नाम आने और जांच शुरू होने के साथ अगर वे इस्तीफा देते तो यह उनका मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता था लेकिन कुर्सी से चिपके रहना उन्होंने पसंद किया। वह जेल में रहकर दिल्ली की सत्ता में बने रहना चाहते थे जिसने लोगों के मन में उनके प्रति धारणा बदली। जेल से छूट गए तो खुद को सीएम के रूप में मतदाताओं के बीच प्रोजेक्ट करने लगे, इससे सीएम बनने की उनकी महत्वाकांक्षाएं फिर से जगी।

जेल जाकर सीएम बने रहना उनको भारी पड़ गया और शराब घोटाले में उन पर गंभीर आरोप लगे जो प्रकरण अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है और वह जमानत पर हैं। केजरीवाल के जेल जाने से दिल्ली पूरी तरह से ठहर-सी गई। केजरीवाल ने पिछले वर्ष के बजट में महिलाओं को नकद पैसे देने की घोषणा की थी लेकिन इस साल फरवरी के चुनाव तक महिलाओं को कोई पैसा नहीं मिला। उल्टा ये देखा गया महिलाओं से जो फार्म भरवाए गए वो कूड़े के ढेर में पाए जाने के वीडियो खूब वायरल हुए।

दिल्ली के रामलीला मैदान में समाज के हर तबके ने अन्ना आंदोलन में हिस्सा लिया था। बाद में जब केजरीवाल ने आप के रूप में राजनीतिक दल बनाया तो समाज के हर तबके को फ्री की रेवड़ियों से आकर्षित किया। हालांकि शराब घोटाले के बाद दिल्ली के हर वर्ग में उन्हें लेकर असंतोष बढ़ने लगा। खासकर उन लोगों को निराशा हुई जो केजरीवाल से व्यवस्था परिवर्तन की उम्मीदें लगाए बैठे थे। दो साल पहले एमसीडी में बहुमत के बाद भी दिल्ली की बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी समस्याएं दुरुस्त नहीं हो पाई। जगह-जगह कूड़े के ढेर, सीवर समस्या और बढ़ते प्रदूषण से लोग त्रस्त हो गए। उनके जेल में होने से पांच महीने तक सारे कामकाज ठप रहे। पार्टी ने जिस तरह लोगों की बुनियादी जरूरतों को नजरअंदाज किया, उससे जनता में आप के खिलाफ बड़ी निराशा फैली। आम आदमी पार्टी की दिल्ली में हार, एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के रूप में उभरी है, जिसने न केवल दिल्ली की राजनीति को प्रभावित किया बल्कि देशभर में इसके असर को महसूस किया जा रहा है। यह हार उस समय हुई जब पार्टी की उम्मीदें और राजनीतिक ताकत अपने उच्चतम बिंदु पर थी और एक मजबूत चुनावी आधार पर खड़ी थी। दिल्ली में आप और कांग्रेस का गठबंधन नहीं होने से उनका कुछ वोट कांग्रेस के पास चला गया जिससे आप को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा। केजरीवाल ने अपने कई पुराने साथियों की टिकट काट दी और दूसरे दलों से आये दावेदारों से पैसा लेकर जमकर टिकट बांटी, इसका पार्टी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। जिन 27 नए लोगों को टिकट दी थी उनमें से 20 लोग चुनाव हार गए।केजरीवाल ने अपने 10 साल की सफलता का पैमाना मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, महिलाओं के लिए मुफ्त बस का सफर को मान लिया। उन्होंने दिल्ली के विकास से कोई सरोकार नहीं रखा। आये दिन केंद्र और उप राज्यपाल को निशाने पर लेते रहे, जिसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ी। केजरीवाल ने आज से ठीक 5 साल पहले एक जनसभा में कहा था मुझे 5 साल का समय दे दो, अगर 2025 में मैं यमुना साफ न कर पाऊं तो मुझे वोट मत देना। असल में यही दावा केजरीवाल पर भारी पड़ गया। रही-सही कसर यमुना में जहर को लेकर केजरीवाल के बयान ने पूरी कर दी जब चुनाव से पहले उन्होंने कह दिया कि हरियाणा से यमुना नदी में जहर मिलाया जा सकता है। इसे पीने से दिल्ली में नरसंहार हो सकता है। लोगों की मौत हो सकती है। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने यमुना में जाकर पानी पीकर दिखाया हरियाणा से जो पानी छोड़ा जा रहा है वह तो साफ है लेकिन दिल्ली में यह गंदा कर दिया जाता है, वहां अरविंद केजरीवाल की सरकार है जो सफाई नहीं कर पाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे जनसभाओं में उठाया और कहा जिस यमुना के जल को मैं 11 साल से पी रहा हूं, उसमें केजरीवाल कहते हैं कि जहर मिला हुआ है। क्या यह हरियाणा के लोगों का अपमान नहीं? यूपी के मुख्यमंत्री योगी तक यमुना पर केजरीवाल को चुनौती देते नजर आए। इसी बीच अर?विंद केजरीवाल का एक और बयान वायरल होने लगा, जिसमें वे कह बैठे लोग यमुना पर वोट नहीं देते। यह सब भी केजरीवाल के खिलाफ गया। हरियाणा की जाट-गुर्जर आबादी और बाहरी दिल्ली के जो लोग दिल्ली के वोटर हैं, वे इससे खासा नाराज नजर आए और इससे आप के विरुद्ध स्वर मुखरित होने लगे। बेशक आप चुनाव हारी है लेकिन उसे 43.57 फीसदी वोट हासिल हुए हैं। सत्तारूढ़ होने वाली भाजपा को 45.56 फीसदी वोट मिले हैं। मात्र 2 फीसदी वोट का फासला रहा लेकिन भाजपा ने 48 सीटों का ऐतिहासिक जनादेश हासिल किया, जबकि 'आप' 62 सीटों से लुढ़क कर 22 सीटों पर आ गई। दिल्ली हार के बाद केजरीवाल का अहंकार भी समाप्त हुआ है। इसके लिए केजरीवाल ही जिम्मेदार हैं। आम मतदाता इस बार उनकी कट्टर ईमानदार की छवि के दावे को स्वीकार नहीं कर पाया। चुनावी नतीजों में यह निष्कर्ष भी सामने आया कि दलित, महिला, मध्य वर्ग ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया, नतीजतन भाजपा सत्ता तक पहुंच पाई। पिछले चुनाव तक ये समुदाय 'आप' के समर्थक और जनाधार माने जाते थे क्योंकि केजरीवाल की नई छवि के साथ इन वर्गों ने उन्हें वैकल्पिक राजनीति का प्रतीक माना था।दिल्ली में आम आदमी पार्टी का चुनावी अभियान उम्मीदों के मुताबिक नहीं चल सका। जिस तरह से उन्होंने दिल्ली में अपने विकास कार्यों और शिक्षा-संस्था सुधार के मुद्दे को प्रचारित किया था, वह आम लोगों को आकर्षित नहीं कर सका। इसके साथ ही पार्टी को केंद्र सरकार के खिलाफ लगातार विरोध की रणनीति से भी अधिक सफलता नहीं मिली। चुनावी वादे और कार्यों में बुनियादी बदलावों की उम्मीदें पूरी नहीं हो पाईं, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं का विश्वास कमजोर हुआ। अब सबकुछ बेनकाब हो गया। इस चुनाव ने विपक्ष के 'इंडी गठबंधन' वाले नेरेटिव को ध्वस्त कर दिया।

लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और अब दिल्ली चुनाव जीत कर भाजपा व एनडीए ने 'इंडी गठबंधन' को लगभग बिखेर दिया है। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'इंडी गठबंधन' के घटक दलों ने 'आप' का समर्थन किया और कांग्रेस का खुलेआम विरोध किया।

पाकुड़ /रांची की खबरें

फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत कर्मियों को दी गयी दवा।

संताल एक्सप्रेस संवाददाताअमड़ापाड़ा(पाकुड़)पाकुड़ जिले के डीसी मनीष कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को आलूबेड़ा स्थित डीबीएल के कैंप कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कोल कंपनी के कर्मियों को उनकी उम्र के अनुसार फाइलेरिया निरोधी दवा दी गई, जिससे इस संक्रामक बीमारी की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। वहीं शिविर के दौरान डीबीएल कंपनी के जनरल मैनेजर परमानंद चंदेल, माइंस मैनेजर भावेश कुमार दिवाकर, वरिष्ठ मैनेजर राजकुमार डोडा, एचआर हेड प्रिंस कुमार, लाइजनिंग मैनेजर जेपी राय और संजय दास सहित डीबीएल व बीपीआर कंपनी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने फाइलेरिया से बचाव और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता भी फैलाई। उन्होंने कर्मियों को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने और दवा का सेवन अनिवार्य रूप से करने की सलाह दी। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाना और श्रमिकों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना था। कंपनी प्रबंधन ने भी इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन में सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई।

सास के हत्यारा दामाद को अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा

संवाददाता

पाकुड़ । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह की अदालत में बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने सास की हत्या के दोषी दामाद लूथु हांसदा उर्फ इतवारी हांसदा को आजीवन कारावास की सजा के साथ 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नही चुकाने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त एक वर्ष की जेल की सजा भुगतनी होगी। घटना 12 अक्टूबर 2020 की है, जब एक मोबाइल फोन खोने को लेकर लूथु हंसदा और उनकी सास चूमकई मुर्मू के बीच विवाद हुआ ।विवाद इतना बढ़ गया कि लूथु ने अपनी सास पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के समय आरोपी की पत्नी आगथा सोरेन ने पति को रोकने का प्रयास किया, लेकिन लूथु ने उसे

जान से मारने की धमकी देकर वहा से चले जाने को कहा। मृतका के पुत्र जंतु सोरेन ने आलगे दिन 13 अक्टूबर 2020 को लिट्टीपाड़ा थाने में मामला दर्ज कराया ।आरोपी गोड्डा जिले के सुंदरपाहाड़ी थाना क्षेत्र के तालाईपाड़ा गांव का रहने वाला है, जबकि मृतका लिट्टीपाड़ाथाना क्षेत्र के वहावनडेला गांव की निवासी थी। घटना के समय आरोपी की शादी महज तीन महीने ही हुए थे।

रविदास समाज ने मनाया संत रविदास जयंती

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड़) संत रविदास समिति द्वारा माघी पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को संत रविदास की 648 वां जयंती मनाया गया। इस आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में रविदास समाज के महिला-पुरुष मौजूद थेम इसमें मुख्य रूप से मौजूद विजय रविदास, उज्ज्वल रविदास, राधेश्याम रविदास, जितेन्द्र दास आदि ने बारी-बारी से संत रविदास जी के तस्वीर पर पुष्प सुमन अर्पित कर नमन किया।वहीं उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता दीपक साहा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संत रविदास जी के दिए गए मार्ग पर सभी को चलने की आवश्यकता है।इनकी भक्ति भावना, आत्म निवेदन की एकाग्रता, निश्छल व निष्कपट व्यवहार की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैल हुई है। वहीं राधेश्याम रविदास ने कहा कि संत रविदास जीवन के अंतिम क्षणों तक आध्यात्मिक के क्षेत्र में ख्याति के चरम पर पहुंच गए थे। उन्होंने इनके सिद्धांत एवं आदर्शों को व्यावहारिक जीवन में अपनाने की बात कही मौके पर विकास रविदास, कुन्दन रविदास, बिक्रम रविदास, बाबुराम रविदास, अमन रविदास, अंकित रविदास, मुन्ना रविदास, राजा रविदास, फोटो रविदास आदि मौजूद रहे।

कमलघाटी में 15 फरवरी को होगा एक दिवसीय जलसा

हिरणपुर (पाकुड़) आगामी 15 फरवरी को जामिया सलफिया कमलघाटी में एक दिवसीय अजीमुसशान जलसा होगी। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में यूपी ईटावा से फजीलतुश शैख जनाब मौलाना फजलुर्रहमान शेराजी शिरकत करेंगे। इसके अलावे झारखंड, बिहार एवं पश्चिम बंगाल के वक्ता शामिल होंगे। इसकी जानकारी जामिया सलफिया कमलघाटी के सदस्य ने दी।

झारखंड के सरकारी कर्मियों के हित में झारोटेफ का हस्ताक्षर अभियान शुरू

संताल एक्सप्रेस संवाददाताअमड़ापाड़ा( )झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) के तत्वावधान में बुधवार को सरकारी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण मांगों के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं राज्य कमेटी के आह्वान पर पूरे झारखंड में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अमड़ापाड़ा प्रखंड में इस अभियान का नेतृत्व झारोटेफ के प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार मिस्त्री एवं सचिव सोमेश मुर्मू ने किया। उन्होंने प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों एवं सरकारी कार्यालयों का दौरा कर कर्मचारियों को इस अभियान से जोड़ा। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार को कर्मचारियों की जायज मांगों से अवगत कराना एवं सामूहिक ज्ञापन सौंपना है। उन्होंने आगे कहा कि झारोटेफ ने चरणबद्ध कार्यक्रम की रूपरेखा जारी कर दी है, जिसके तहत प्रखंड स्तर से लेकर राज्य स्तर तक आंदोलन को गति दी जाएगी।ये है मुख्य मांगें÷ शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ, अन्य राज्य कर्मियों की तरह शिक्षकों को भी समयानुसार वित्तीय उन्नयन एमएसीपी दिया जाए, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति उम्र 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष की जाए। केंद्रीय कर्मचारियों की तर्ज पर राज्य कर्मियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता प्रदान किया जाए। इस अभियान के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं सरकारी कर्मियों ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति जताई। प्रमुख रूप से रतन प्रसाद राय, उदय गिरी, चंदन कुमार, नरेश डे, सुजीत कुमार दास, हिरामन महतो सहित कई अन्य कर्मियों ने भाग लिया। झारोटेफ ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है, तो संगठन आगे भी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन जारी रखेगा।

स्कूली बच्चों को खिलाई गई एलबेंडाजोल की दवा

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत चिकित्सा प्रभारी डॉ मुकेश बेसरा के देख रेख में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रखंड के सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र/छात्राओं सहित शिक्षकों को बुधवार को एलबेंडाजोल, डी. ई. सी. और आई वर मैक्टिन जैसी दवाएं खिलाई गई। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि हाथी पांव रोग की ईलाज के लिए सुरक्षित और असरदार दवा है। इसका सेवन से हाथी पांव बीमारी से छुटकारा पाया जा सकता है। नर्स प्रीति किस्कू ने बताया कि इस दौरान लगभग 50 बच्चों सहित शिक्षकों को फाइलेरिया की दवा खिलाया गया।मौके पर प्रधानाचार्य बिमल महतो, आचार्य बापन प्रामाणिक, राकेश साहा, नर्स प्रीति लता हेंब्रम,प्रभा केरकेट्टा,नीतू हांसदा आदि उपस्थित थे।

मेडिका अस्पताल रांची ने मरीज के अन्नप्रणाली से टूथब्रश निकाला

रांची संवाददाता। मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, जो प्रतिष्ठित मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप का हिस्सा है, ने अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा विशेषज्ञता और त्वरित आपातकालीन हस्तक्षेप का प्रदर्शन किया। अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ. अंतरिक्ष कुमार और आपातकालीन सेवा विभाग के प्रमुख डॉ. रोहित कुमार सेंगर ने एक 87 वर्षीय पुरुष मरीज के अन्नप्रणाली में फंसे टूथब्रश को सिर्फ 15 मिनट में सफलतापूर्वक निकाल दिया। मरीज को उसी दिन आपातकालीन विभाग से छुट्टी दे दी गई। रमेश कुमार (बदला हुआ नाम) (86 वर्षीय) 10 फरवरी को मेडिका अस्पताल के आपातकालीन विभाग में पहुंचे। उन्हें एपिगैस्ट्रिक टेंडरनेस (पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द या असहजता) की शिकायत थी। जाँच करने पर उनकी वाइटल्स सामान्य पाई गईं। पूछताछ करने पर पता चला कि सुबह ब्रश करते समय गलती से टूथब्रश निगल लिया था।तत्काल एक्स-रे किया गया, जिसमें टूथब्रश अन्नप्रणाली (esophagus) में फंसा हुआ पाया गया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मरीज को तुरंत एंडोस्कोपी सुइट में शिफ्ट किया गया। डॉ. अंतरिक्ष कुमार ने एंडोस्कोपिक प्रक्रिया के माध्यम से अत्यंत सावधानीपूर्वक टूथब्रश को निकाल दिया, जिससे किसी प्रकार की जटिलता नहीं हुई।डॉ. अंतरिक्ष कुमार ने कहा, ÷इस मामले में हमें विशेष सतर्कता बरतनी पड़ी ताकि अन्नप्रणाली को किसी भी तरह की क्षति न पहुंचे। हमारी टीम ने तेजी से कार्रवाई की और पूरा प्रक्रिया केवल 15 मिनट में पूरी कर ली, जिससे हमारी आपातकालीन और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी टीम की दक्षता प्रदर्शित होती है।डॉ. रोहित कुमार सेंगर ने इस अनूठे मामले पर कहा, यह हमारे लिए एक अद्वितीय मामला था, और इसकी त्वरित जांच और उपचार हमारी आपातकालीन टीम की तत्परता और विशेषज्ञता का प्रमाण है। हमारा उद्देश्य हमेशा इस क्षेत्र में सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है, और यह मामला हमारी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार मिश्रा, भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप ने कहा, मरीज की उम्र इस मामले को और भी संवेदनशील बना रही थी। बिना किसी सर्जिकल हस्तक्षेप के टूथब्रश निकालना हमारे आपातकालीन और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विशेषज्ञों की उच्च गुणवत्ता को दर्शाता है। मरीज अब स्थिर हैं और स्वस्थ हैं। मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रांची अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों और कुशल विशेषज्ञों के माध्यम से बेहतर रोगी देखभाल के नए मानक स्थापित कर रहा है। अस्पताल का उद्देश्य है कि सबसे जटिल मामलों को भी अत्यंत सटीकता और देखभाल के साथ संभाला जाए।

युवक को पीटकर कर किया घायल

हिरणपुर (पाकुड़)थाना क्षेत्र के फतेहपुर में एक युवक को पीटकर लहूलुहान करने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर पीड़ित जंगलाल साहा ने थाना में लिखित शिकायत की है। जिसमें पीड़ित ने उल्लेख किया है कि मैं जेसीबी चालक हूं और 4-5 दिन पर घर आता हूं। बुधवार को जब मैं काम से लौटा तो मेरे पिता शिवनाथ साहा एवं भाई धनजंय साहा ने मिलकर कर मुझे लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। साथ ही मेरा मोबाइल व पैसे भी छीन लिए। इस बाबत थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

वाहन जांच अभियान में कुल 31 वाहनो से वसूला गया जुर्माना

महेशपुर(पाकुड़) सड़क सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन विभाग द्वारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के मुराराई सड़क मार्गो पर परिवहन होने वाले सभी दो पहिया एवं व्यावसायिक वाहनों जो बिना हेलमेट, बिना इन्शुरन्स, रजिस्ट्रेशन, नम्बर प्लेट, ओवर पैसेंजर, बिना ड्राइविंग लाइसेंस,बॉडी अल्टरेशन(अतिरिक्त रूप से जोड़े गए डाला एवं एंगल) वाहन का परिवहन करने जैसे एवं अन्य का उलंघन करने को लेकर वाहन का जांच अभियान चलाया गया। जिसमें सभी 31 वाहनों से जांच किया गया एवं जांच के क्रम मे सभी 31 वाहनों से मोटरवाहन अधिनियम का उलंघन करने तथा अवैध वाहन का परिवहन करने की विभिन्न धाराओं मे उल्लंघन करते हुए पकडे गये इन सभी 31 वाहनों से जुर्माने की राशि के तौर पर कुल 63650/ (तीरसठ हजार छः सौ पचास रूपये)ऑनलाइन इ-पॉस मशीन से ऑन लाइन चालान निर्गत किया गया वाहन जांच मे 23 मोटरसाईकिल,07 टोटो, 01 पिकअप वैन रहे ।वाहन जांच में उपस्थित थाना प्रभारी महेशपुर, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक जिला परिवहन कार्यालय पाकुड़ एवं परिवहन विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे ।

पुस्तकालय समिति की बैठक संपन्न, प्रतियोगी पुस्तकें खरीदने पर बनी सहमति

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। मंगलवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने गोपनीय कार्यालय कक्ष में जिला नियोजनालय परिसर, पाकुड़ में अवस्थित पुस्तकालय हेतु पुस्तक क्रय के लिए पुस्तकालय समिति की बैठक की।बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि बेरोजगार उम्मीदवारो के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु नियोजनालय में एक पुस्तकालय का संचालन किया जाता है। इसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पुस्तकों का क्रय किया जाना है ताकि गरीब बेरोजगार युवक इन पुस्तकों की सहायता से परीक्षा की तैयारी कर सकें। इस क्रम में पुस्तकों की सूची को समिति के समक्ष रखा गया। जिसपर समिति के सदस्यों ने अपना अनुमोदन दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि इस पुस्तकालय के संबंध में स्कूल - कॉलेज के छात्रों को अवगत करावें ताकि अधिक से अधिक छात्र लाभान्वित हो सके।

देवघर में नाबालिग से छेड़खानी और अपहरण की कोशिश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । सरावां थाना क्षेत्र में एक 46 वर्षीय व्यक्ति की बेटी के साथ अश्लील हरकत और जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश का मामला सामने आया है। इस घटना के संबंध में सरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के मकसूद अंसारी उर्फ मकसूद आलम (36 वर्ष), पिता स्व. गुलजार अंसारी उर्फ गुलजार मियां को आरोपी बनाया गया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दिए अपने आवेदन में बताया कि आरोपी मकसूद अंसारी ने उनकी बेटी के साथ अश्लील हरकत की और जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश की। पीड़िता ने किसी तरह खुद को बचाकर अपने परिवार को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद मामला थाने में दर्ज किया गया। इधर पीड़िता के बयान और वादी की शिकायत के आधार पर सरावां थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

गांव में गूंजीं चीखें, लाठी-डंडों से हमला, रुपये भी छीने

देवघर। कुण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम भदवारी मौजा में मारपीट की एक गंभीर घटना सामने आई है। इस मामले में पीड़ित कोका महरा,पिता टेकलाल महरा ने थाना कांड संख्या-48/2025 के तहत मामला दर्ज कराया है। पीड़ित के अनुसार, नामजद आरोपी अयोध्या दास,पिता देकलाल महरा,सुरज दास,पिता अयोध्या दास,चम्पा देवी,पति अयोध्या दास, किरण कुमारी,पिता अयोध्या दास,चन्दा देवी पति नामालुम और निरय कुमार,पिता अयोध्या दास ने एकमत होकर गाली-गलौज की और मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना के दौरान आरोपियों द्वारा पीड़ित से नगदी रुपये भी छीनने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित को घायल अवस्था में स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

पुलिस की मुस्तैदी लाई रंग, दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी

देवघर। खागा थाना क्षेत्र में महिला के साथ छेड़खानी और बलात्कार के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी परवेज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। खागा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी परवेज अंसारी (21 वर्ष), पिता अफलातुन मियां के खिलाफ थाना कांड संख्या 31/24 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया था। पीड़िता की शिकायत के आधार पर छेड़खानी और बलात्कार की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और सबूतों के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी थी और अंततः उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल, पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और मामले की आगे की जांच जारी है।

युवक से की पिटाई, कैमरा और नकदी लूटने का आरोप

देवघर। रिखिया थाना क्षेत्र में छिनतई और मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित पवन दास (21 वर्ष), पिता मदन महरा, निवासी आमगाछी ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। वादी के अनुसार, आरोपियों ने फोन करके बैजनाथपुर पेट्रोल पंप के पास बुलाया और वहां पहुंचते ही गाली-गलौज, मारपीट की। इसी दौरान आरोपियों ने विडियो कैमरा और नकदी छीन ली। आरोपी में उन्होंने नीलकंठ दास 25 वर्ष,पिता रामेश्वर महतो, निवासी चिरोडीह रंगापहाड़ी,सोनू कुमार दास 22 वर्ष, निवासी बैजनाथपुर समेत 4-5 अज्ञात व्यक्ति को आरोपी बनाया है। इधर रिखिया थाना प्रभारी ने कांड संख्या 34/25 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

यात्रियों के लिए खुशखबरी! स्टेशन पर मिलेंगी ट्रेन अपडेट्स अब सेकंडों में

जसीडीह स्टेशन पर ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड लगाए जाएंगे

संवाददाता

देवघर । पूर्व रेलवे ने यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। आसनसोल मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों–आसनसोल, रानीगंज, जसीडीह और चित्तरंजन–पर ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड लगाए जाएंगे। यह पहल रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने और यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है।

यात्रियों को मिलेगी रियल-टाइम जानकारी

नए ट्रेन संकेत बोर्ड के माध्यम से यात्रियों को ट्रेन के शेड्यूल, प्लेटफॉर्म नंबर और देरी या रद्दीकरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां वास्तविक समय में मिल सकेंगी। इससे यात्रियों को सही समय पर सटीक सूचना मिलेगी, जिससे भ्रम और असुविधा में कमी आएगी तथा यात्रा की योजना बनाना आसान होगा। ट्रेन संकेत बोर्ड भीड़ प्रबंधन और संरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। स्टेशन के भीतर रणनीतिक स्थानों पर इन बोर्डों की स्थापना से यात्रियों को स्टेशन स्टाफ पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे व्यस्त यात्रा अवधि के दौरान होने वाली अव्यवस्था और भीड़-भाड़ को कम किया जा सकेगा, जिससे दुर्घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी।

रेलवे आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम

यह पहल पूर्व रेलवे के डिजिटल और स्मार्ट रेलवे नेटवर्क के निर्माण के प्रयासों का हिस्सा है। इन बोर्डों की मदद से यात्रियों को सबसे सटीक और वर्तमान जानकारी मिलेगी, जिससे रेलवे सेवाएं अधिक विश्वसनीय और कुशल बनेंगी। इसके अलावा, यात्रियों को अपडेट प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने या स्टेशन परिसर में इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे स्टेशन का माहौल अधिक सुव्यवस्थित रहेगा।

रेलवे प्रशासन का मानना है कि इस नई सुविधा से यात्रियों को बेहतर सेवा अनुभव मिलेगा और रेलवे की यात्रा अधिक सुगम और सुविधाजनक होगी।

सदस्यता अभियान में दर्जनों ने थामा झामुमो का दामन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । संचालन समिति के प्रमुख विपिन यादव,सुखलाल हेंब्रम,प्रकाश पांडे,गोपाल दास,संतोष दास एंव दीपक दास के नेतृत्व में देवघर जिला के मधुपुर विधानसभा अंतर्गत देवघर प्रखंड के कोकहराजोरी मोड़ में पंचायत बसवरिया एवं पिछड़ीबाद पंचायत के संयुक्त सदस्यता अभियान सह पंचायत पुनर्गठन का कार्यक्रम रखा गया।जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा पर आस्था रखते हुए लगभग 300 लोगों ने सदस्यता ग्रहण के साथ-साथ सभी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आभार व्यक्त किया।सदस्यता अभियान में उमड़े जनता का जनसालाव देखकर यह साफ साबित होता है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति निष्ठा रखने वाले

जनता का अपार समर्थन देखने को मिला।बसवरिया पंचायत के अध्यक्षत भागीरथ पंडित सचिव शिव शंकर मरांडी एवं पिछड़ीबाद पंचायत से अध्यक्ष विक्रम बास्की एवं सचिव नेपाली यादव को बनाया गया।मुख्य रूप से हीरालाल वर्मा, सुरेंद्र सिंह, अवध बिहारी शर्मा, बलिया देवी, रीना कुमारी, पार्वती हसदा, सुनील बास्की, प्रिंस किला मुर्मू, मौजूद थे। उसके साथ-साथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम से खजुरिया में मनायी गयी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । श्री गुरु रविदास महासभा के बैनर तले संत शिरोमणि रविदास जी की 648 वाँ जयंती धूमधाम से खजुरिया देवघर में मनाया गया। उद्घाटन कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सुरेश शाह,सिंह प्रदीप चौधरी शंकर दास इस मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो पूरे शहर का भ्रमण किया शोभायात्रा में स्थानिक विधायक सुरेश पासवान ने भी भाग लिया,इस कार्यक्रम में शामिल हजारों लोगों ने महाप्रसाद का ग्रहण किया। कार्यक्रम में वर्तमान देवघर विधायक सुरेश पासवान एवं पूर्व विधायक नारायण दास भी शामिल शामिल हुए। विधायक सुरेश पासवान ने कहा संत रविदास ऐसे महामानव थे। जिन्होंने समता मूलक समाज का वकालत करते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों को अपने लेखनी से दूर करने का प्रयास किया। कार्यक्रम का नैतृत्व कार्यकारी

अध्यक्ष मनोज दास ने किया शोभा यात्रा की समाप्ति पर आश्रम में लंगर का व्यवस्था किया गया सभी श्रद्धालुओं एवं अनुयायियों ने प्रसाद ग्रहण किया,मोके पर कामेश्वर नाथ दास, बुद्ध बौद्ध,कुलदीप दास,विजय दास,अंग्रेज दास,नंद लाल दास, जय नारायण त्यागी,टिकेट दास आदि लोग कर रहे थे। कार्यक्रम,प्रमोद दास, सूरज राज, ललन कुमार,रंजीत दास,विनोद दास, राजेश दास आदि लोग शामिल थे। कार्य कारी अध्यक्ष मनोज दास ने बताया कि आज से शुरू हुआ यह कार्यक्रम दिनांक 15 फरवरी तक चलेगा। चार दिनों तक चलने वाले जयंती में अगल-बगल के कई जिलों से लोग शिरकत करेंगे।रात में संस्कृत कार्यक्रम का आनंद लिए जयंती समारोह का कार्यक्रम चार दिनों तक चलेगा।

भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने मनायी संत रविदास की जंयती

देवघर संताल एक्सप्रेस । भीमआर्मी आजाद समाज पार्टी देवघर के बैनर तले भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास के नेतृत्व में भीम आर्मी संगठन व आजाद समाज पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मनाया संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का 648 वां जन्मदिवस। भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर गुरु रविदास जी महाराज का जयंती मनाया। इस मौके पर मौजूद भीम आर्मी जिला सचिव क्रांतिकारी कृष्णा कुमार ,रविन्द्र कुमार दीपक कुमार दास,उमेश कुमार दास,प्रफुल दास,दशरथ दास, सरवन कुमार दास पिंटू कुमार,सागर दास,अभय कुमार,समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

बिजली चोरी मामले में छह लोगों पर केस दर्ज

संवाददाता

मधुपुर । बिजली आपूर्ति प्रशाखा, मधुपुर के सहायक अभियंता दीपक कुमार ने छह लोगों के खिलाफ अवैध रूप से बिजली चोरी करने का मामला मधुपुर थाने में दर्ज कराया है।पुलिस ने अभियंता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी गई है। सहायक अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर विभागीय कर्मियों के साथ शहर के विभिन्न मोहल्लों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान भगत सिंह चौक,रामचंद्र बाजार, खलासी मोहल्ला,मस्जिद गली, फाड़ी रोड सहित अन्य इलाकों में

घरों की बिजली जांची गई। जांच के दौरान छह घरों में अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए लोगों को पकड़ा गया। इस चोरी के कारण विभाग को तीन लाख अठारह हजार रुपये की राजस्व हानि हुई है। पकड़े गए लोगों पर अलग-अलग जुर्माने लगाए गए हैं। विभाग की इस कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है।पुलिस अब मामले की गहराई से जांच में जुटी हुई है।

उमराह के लिए भावुक विदाई, मधुपुर से मक्का-मदीना रवाना हुए जायरीन

संवादादता

मधुपुर । शहर से उमराह के लिए श्रद्धालु मक्का-मदीना की पवित्र यात्रा पर रवाना हुए। मधुपुर से जायरीन कोलकाता, फिर मुंबई होते हुए जेद्दा के लिए उड़ान भरेंगे। इस मौके पर शहर के गणमान्य लोग और सैकड़ों ग्रामीणों ने उन्हें भावुक विदाई दी।जायरीन के नाम - लालगढ़ः जामा मस्जिद लालगढ़ के अध्यक्ष सलाउद्दीन शेख, नज़्मुन बीबी , नेमवाबादः अलमुद्दीन शेख, बीबी नाजमुन, बुच्ची नावाडीहः अब्दुल हफिज, जमेला बीबी, बड़वादः मोहम्मद सफीक, तजुरुन बीबी, मोहम्मद उस्मान, यास्मीन बीबी, गिरिडीहः मोहम्मद समसुद्दीन, शहजादी, जमुई बिहारः मोहम्मद रोशन, मुनिया खातून। शहर के कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष मोशर्रफ़ हुसैन, सफाउल, नेमवाबाद मस्जिद के इमाम मौलाना मुसीरुद्दीन, हाफिज सरफराज, जावेद शेख, संघरा के इमाम मौलाना मनुवार, मोहम्मद वसीम शेख,मोहम्मद सगीर, महफूज शेख,एजाजुल शेख समेत कई लोग जायरीन को विदा करने पहुंचे।भावनात्मक माहौल में परिजनों की आंखें नम हो गईं। लोगों ने सफल यात्रा की दुआएं कीं, कुछ खुशी से झूम उठे, तो कुछ की आंखों से आंसू छलक पड़े। जायरीन ने भी हाथ उठाकर सभी के लिए दुआएं मांगी,और फिर मक्का-मदीना की पाक जमीं की ओर रवाना हो गए।

जयंती पर स्वामी दयानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि

देवघर संताल एक्सप्रेस । झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने जयंती पर स्वामी दयानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आर्य समाज संस्था के जरिए समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने एवं समाज के अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्वामी दयानंद सरस्वती को सदैव स्मरण किया जाता रहेगा। समाज में एकता का भाव पैदा करने के लिए सामान्य भाषा के जरिए पूरे राष्ट्र के लिए हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में चुनने का सबसे पहला आह्वान स्वामी दयानंद सरस्वती ने ही किया था। मूर्ति पूजा का घोर विरोधी होते हुए भी वे धर्म के सच्चे उपासक थे।

शहरी स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की हुई जांच, आम मरीजों को भी मिला लाभ

संवादादता

मधुपुर । शहर के पनाहकोला रोड स्थित रेड क्रॉस सोसायटी कैंपस में संचालित शहरी स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की देखभाल के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें देवघर से आई प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. भारती सिंह, ने महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की। हर बुधवार को महिलाओं को मुफ्त इलाज के साथ-साथ दवाएं भी दी जाती हैं।शिविर में महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। गर्भवती महिलाओं की ब्लड प्रेशर, हिमोग्लोबिन, वजन और शुगर की जांच की गई। उन्हें संतुलित आहार और सरकारी निःशुल्क सेवाओं की जानकारी भी दी गई। शिविर में

महिलाओं की लंबी कतारें दिखीं, सभी अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर चिंतित थीं। इस दौरान, शहरी क्षेत्र के अलग-अलग मोहल्लों से आई गर्भवती महिलाओं की जांच के अलावा सामान्य मरीजों की भी जांच की गई। डॉ. भारती सिंह ने गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति सचेत रहने की सलाह दी और नियमित जांच कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर नीरज कुमार यादव, एलिजाबेथ किस्कु, शेखर कुमार, पप्पू कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

झामुमो ने अमडीहा व महुआटांड़ पंचायत में चलाया सदस्यता अभियान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। देवीपुर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के निर्देशानुसार देवीपुर प्रखंड के अमडीहा एवं महुआटांड़ पंचायत में जोरदार सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान पंचायत कमेटी का पुनर्गठन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड संचालन समिति के प्रमुख तेज नारायण वर्मा, सदस्य जुलेश मरांडी, मृत्युंजय मंडल, राजा मुर्मू, दिनेश दास, रविंद्र नारायण मंडल सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। अमडीहा पंचायत में धनंजय वर्मा

को अध्यक्ष, धर्मेंद्र मरांडी को सचिव चुना गया। वहीं, राजेश सिंह, राजेश दास और गुलाब तांती को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। महुआटांड़ पंचायत में रामदेव यादव को अध्यक्ष और बशीर अंसारी को सचिव चुना गया। उपाध्यक्ष पद के लिए रामू दास, कैलाश यादव, सुभाष चंद्र और हेमराम का चयन किया गया। इस अवसर पर शहाबुद्दीन अंसारी, महेंद्र शाही, युसूफ अंसारी, शिवलाल हसदा, मनीष किस्कू, प्रमोद सिंह, अजय कुमार दास, अरुण यादव, विजय कुमार वर्मा, राधे श्याम वर्मा, मनोज वर्मा, संतोष यादव, शैलेश दास सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस सदस्यता अभियान और पंचायत कमेटी के पुनर्गठन से झामुमो को ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूती मिलेगी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक अहम कदम बताया।

उमरा यात्रा से पहले सदर सलाउद्दीन के आवास पर मिलाद, हिंदू-मुस्लिम एकता की दिखी मिसाल

संवाददाता

मधुपुर । लालगढ़ में धार्मिक और सामाजिक सौहार्द्र का एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब सदर सलाउद्दीन शेख और उनकी पत्नी नज्मुन बीवी के उमरा यात्रा पर रवाना होने के अवसर पर उनके पुश्तैनी आवास पर रसूले पाक की मिलाद का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ मिलकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाया। मिलाद की महफ़िल में क्षेत्र के नामचीन मौलानाओं ने बारी-बारी से तकरीर और नात पेश किए। लालगढ़ के इमाम सोहराबुल कादरी, मदरसा दिनीय इस्लामिया लालगढ़ के मुद्दारिश जमील अख्तर, मौलाना फारूक अंसारी, कारी सफदर इमाम, मौलाना अजमल नूरी, हाफिज सरफराज, मौलाना

मोइनुद्दीन, मौलाना मुमताज फिरोज राहत, मौलाना युसूफ, मौलाना नासिर अतहर, मौलाना खुद्दुश, हाफिज यासीन फैजी, मौलाना जावेद अख्तर समेत कई गणमान्य धार्मिक विद्वान इस अवसर पर उपस्थित रहे। मौका पर मौलाना अजमल नूरी ने कहा कि, ÷इबादत ऐसी होनी चाहिए, जिसमें दिखावा न हो, बल्कि केवल अल्लाह की खुशी और सच्चे दिल से की जाए।÷ वहीं, मौलाना फारूक ने रसूल अल्लाह की शान में फरमाया, ÷जब तक बिके नहीं थे, कोई पूछता न था, लेकिन आपने खरीद कर अनमोल बना दिया।÷ मौलाना यासीन फैजी ने तकरीर में बताया कि ÷दुनिया में किसी भी चीज़ पर घमंड नहीं करना चाहिए, लेकिन जब कोई काबे का तवाफ कर रहा हो, तो अकड़ कर चल सकता है, क्योंकि वह अल्लाह की इबादत में है।÷ मिलाद के अंत में सदर सलाउद्दीन ने सभी से भावुक अपील करते हुए कहा, ÷अगर मुझसे जाने-अनजाने में कोई गलती हुई हो, तो मुझे माफ कर दीजिए और दुआओं के साथ उमरा के लिए विदा कीजिए।÷ उनकी इस अपील पर उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल और सफल उमरा यात्रा की दुआएं दीं। इस विशेष मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के प्रतिष्ठित लोग भी उपस्थित रहे। इनमें पूर्व नगर उपाध्यक्ष जियाउल हक उर्फ टार्जन, झामुमो नेता गुलाम अशरफ उर्फ राजू, कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष मोशर्रफ़ हुसैन, भाजपा नगर अध्यक्ष रवि रवानी, खजांची अनवर शेख, सेक्रेटरी गुलाम सरवर, मुखिया जमील ,रकीब, सफाउल, हसमत, जावेद शेख, सफरुद्दीन शेख सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

गोड्डा । सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर उपायुक्त जिशान कमर के निदेशानुसार सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल करने संबंधी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मियों को साइबर स्वच्छता, फिशिंग, हैकिंग, कंप्यूटर उपकरणों एवं व्यक्तिगत खातों को बचाने की जानकारी तथा सुरक्षित इंटरनेट दिवस के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान मजबूत पासवर्ड, दो चरणीय प्रमाणिकता, मजबूत स्क्रीन लॉक और बायोमेट्रिक, विश्वसनीय स्रोतों से मोबाइल एप्स डाउनलोड, सुरक्षित इंटरनेट कनेक्शन का उपयोग करने, संदिग्ध ईमेल और लिंक से बचने, सॉफ्टवेयर और एप्स को नियमित रूप से अपडेट करने आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई।इस दौरान उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस वैश्विक रूप से मनाया जाता है जिसका उद्देश्य ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि साइबर स्वच्छता की प्रक्रिया के तहत आमजन एवं अधिकारियों को उनके कंप्यूटर उपकरणों एवं उसमें रखी गई व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा बनाए रखने में मदद करना है। इससे डिजिटल जिंदगी को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। उपरोक्त के अलावा जिला नजारत उपसमाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया, जिला खेल पदाधिकारी प्राण महतो, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी प्रमोद कुमार, एलडीएम गोड्डा, डीएमएफटी मैनेजर, समाहरणालय एवं एनआईसी के कर्मीगण, कंप्यूटर ऑपरेटर, वीएलई मौजूद थे।

प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने कि पति की हत्या, पांच आरोपी गिरफ्तारी

महगामा संवाददाता । गत 12 जनवरी को महागामा थाना क्षेत्र के केंचुआ चौक के समीप। रंजीत कुमार पंडित के हुए हत्या के मामले को महगामा पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने आयोजित प्रेस मीट के दौरान मामला के उद्वेदन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बेहतर एवं तीव्र अनुसंधान को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महागामा के नेतृत्व में एक एस.आई.टी. का गठन किया गया था। अनुसंधान के क्रम में सूचना प्राप्त हुआ कि मृतक की पत्नी का दिनेश यादव नामक व्यक्ति से अवैध संबंध है । जिसको लेकर पूर्व में मृतक और दिनेश के बीच नोक झोक हुआ है। इस बिन्दू पर जाँच हेतु एस.आई.टी. द्वारा तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करते हुए। दिनेश यादव को हिरासत में लेकर पूछ ताछ किया गया। पूछ ताछ के क्रम में दिनेश यादव ने मृतक रंजीत कुमार पंडित की पत्नी से प्रेम संबंध में मृतक की पत्नी के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से हत्या कराने की बात स्वीकार की। तथा इस षड़यंत्र में शामिल अन्य अपराधियों का नाम बताया। दिनेश यादव के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर इस कांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न टीमों द्वारा छापामारी किया गया। इस कांड में शामिल मुख्य अपराधी इफ्तेखार अंसारी की गिरफ्तारी एवं तलाशी के क्रम में उसके घर से हत्या में शामिल होने संबंधी साक्ष्य के आलावा एक छः चक्र का लोडेड रिवाल्वर बरामद हुआ। जिसके संबंध में महागामा थाना में अलग से आयुद्ध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। इस कांड में शामिल मृतक की पत्नी के आलावा अन्य चार लोगों की गिरफ्तारी की गई है। अपराधियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा एवं अन्य संबंधित वस्तुएं बरामद की गई है। गिरफ्तार व्यक्तियों में मृतक की पत्नी द्रोपदी देवी, दिनेश यादव, पे0- दिक्षु यादव, सा0- गोसीचक, थाना- बलबड्डा, मो0 इफ्तेखार, पे0- नूर नवी, सा0- लोगाय, थाना- महागामा, मकसूद अंसारी, पे0- सफीक अंसारी, सा0 जमनी पहाड़पुर, मो0 मुन्ना, पे0- मो0 मुनीर, सा0- राहा शामिल हैं।

भव्य शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई गई संत रविदास जयंती

मिहिजाम । संत रविदास जयंती के अवसर पर गांधीनगर मिहिजाम के संत रविदास मंदिर में भक्तिभाव से भरे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना, भंडारे और शोभायात्रा में भाग लेकर संत रविदास का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, जिससे भक्ति का माहौल और अधिक आनंदमय हो गया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर नगर का भ्रमण किए। शोभायात्रा के दौरान संत रविदास के उपदेशों का प्रचार-प्रसार किया गया और श्रद्धालु जयघोष करते हुए आगे बढ़े। हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी भोग ग्रहण किया। शाम को बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें संत रविदास के विचारों और जीवन दर्शन को नाट्य रूप में दिखाया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और संत रविदास की प्रतिमा पर मत्था टेककर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान संत रविदास सेवा समिति के अध्यक्ष मूलचंद राम, कोषाध्यक्ष प्रभु दास, लक्ष्मी दास, घनश्याम दास, अरुण दास, विजय दास, राजकुमार दास, पप्पू धड़कन, बिपिन दास, बालमुकुंद रविदास, कमल गुप्ता, परवेज आलम और दाऊद अंसारी भी उपस्थित थे।

देहज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट करने का आरोप मामला दर्ज

उधवा। राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण पियारपुर गांव की एक विवाहित महिला के साथ दहेज को लेकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की है। जिसमें अंगुरा बीबी ने आरोप लगाई है की उसकी शादी गांव में मो रफीकुल शेख के साथ करीब 10 वर्ष पूर्व हुई है। शादी के पांच छह साल तक दोनों का दाम्पत्य जीवन ठीक ठाक रहा। उसके तीन बच्चे भी है। इसके बाद उसके पति मो रफीकुल शेख, इरशाद शेख, आसेमा बीबी व रूभान बीबी ने मिलकर दहेज के रूप में तीन लाख रूपये का दवाब बनाने लगे। महिला के द्वारा विरोध करने पर उसके साथ शारीरिक मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बातों बात पर महिला के साथ ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की। दहेज नहीं देने पर महिला के पति ने दूसरी शादी रचा ली है। वही मो रफीकुल शेख की दूसरी पत्नी ने पीड़िता महिला को चुड़ैल कहकर जान मारने की नियत से लात मुक्के से उसके साथ मारपीट की है। पीड़िता महिला का आरोप है कि उसकी शैतान ने उसके बच्चों के खाने की चीज में नशीली पदार्थ देकर जान मारने की कोशिश कर रही है। विगत 15 जनवरी 2025 को समय करीब 3 बजे सभी आरोपित उसके साथ मारपीट किया और जान मारने की नियत से गला दबाया। जिससे महिला की सांस अवरुद्ध हो गई। आरोप है कि आरोपित ने उसके गला से सोने का चेन छीनकर घर से निकाल दिया है। वही मामले को लेकर पुलिस ने पीड़िता अंगूर बीबी के बयान पर चार लोगों के विरुद्ध कांड संख्या 41/25 दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

राजकीय माघी मेला का हुआ उद्घाटन,मंत्री ने की गंगा पूजा

संताल एक्सप्रेस
साहिबगंज। राजकीय माघी मेला राजमहल का बुधवार को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता,उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद के कर-कमलों द्वारा शुभारंभ किया गया। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गंगा नदी के तट पर विधिवत गंगा पूजा किया।मंत्री ने कहा कि÷माघी मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत का परिचायक है। यह पर्व जनजातीय गौरव और लोक संस्कृति को समर्पित है।हमें अपने अमर शहीदों सिद्धो कान्हू,फुलो, झानो के बलिदान को याद रखना चाहिए।जिन्होंने हमारे समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया।÷राजमहल का माघी पूर्णिमा मेला झारखंड की सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर का एक अभिन्न हिस्सा है।यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है,बल्कि जनजातीय परंपराओं,वीर गाथाओं और समाज की सामूहिक संस्कृति को भी प्रतिबिंबित करता है। विधायक मो. ताजुद्दीन ने अपने संबोधन में कहा कि माघी मेला जनजातीय समाज के लिए गौरव का पर्व है और इसे और भव्य बनाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है।इस अवसर पर डीसी हेमंत सती,एसपी अमित कुमार सिंह समेत काफी संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।मेले में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा झारखंड सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनियां भी लगाई गईं।माघी मेले में झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आए हस्तशिल्प कारीगरों और व्यापारियों ने अपनी दुकानों में पारंपरिक वस्त्र, हस्तशिल्प उत्पाद, लकड़ी और बांस से बनी कलाकृतियां, कृषि उपकरण और अन्य वस्तुएं प्रदर्शित की।मेले में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे।मेला स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा गया। पुलिस बल, अग्निशमन दल और चिकित्सा दल को तैनात किया गया ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से भीड़ की निगरानी की गई। जिला प्रशासन ने मेले के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए थे।

माघी पूर्णिमा पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु ने लगाई आस्था की डुबकी

साहिबगंज। जिले के विभिन्न गंगा नदी के घाटों पर बुधवार को माघी पूर्णिमा के मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाई।जहाँ गंगा घाट पर माघी पूर्णिमा के दिन हजारों हजार की संख्या में महिला एवं पुरुष गंगा स्नान के लिए पहुंचे। वहीं माघ मास में राजकीय माघी मेला शुरू हुई इस अवसर पर उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान करने की परंपरा है।इसके लिए सफाहोड़ आदिवासी और विदिन समुदाय के लोग बड़ी संख्या में राजमहल पहुंचे राजमहल अनुमंडल के इस राजकीय माघी मेले में कई राज्यों से सफाहोड़ आदिवासी पहुंचे थे ये आदिवासी समुदाय सफेद कपड़े पहनते हैं और पूजा करते समय नाचते- गाते हैं। वहीं साहिबगंज शहर के स्थित मुक्तेश्वर बिजली सीढी गंगा घाट में भी सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही और आस्था की डुबकी श्रद्धालुओं ने लगाई इसके बाद सूर्य मंत्र का जाप करके सूर्य देव को जल अर्पित किया। कहा जाता है कि माघ पूर्णिमा के दिन सुबह स्नान करके पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाना और घी का दीपक जलाने से घर में सुख समृद्धि होती है।इधर नगर थाना की ओर से पुलिस प्रशासन की कड़ी व्यवस्था की गई थी ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटे किसी प्रकार की जब की समस्या उत्पन्न ना हो और श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़े नगर थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की कड़ी व्यवस्था की गई थी।

मुखिया की अध्यक्षता में मंईया सम्मान योजना के लाभार्थी की सत्यापन को लेकर हुई बैठक

उधवा। प्रखंड अंतर्गत पूर्वी प्राणपुर पंचायत सचिवालय में बुधवार को मंईया सम्मान योजना के लाभार्थियों की भौतिक सत्यापन से संबंधित एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया आताउर रहमान ने की। वही बैठक में पोषक क्षेत्र की सेविका शामिल हुए। इस दौरान मुखिया अताउर रहमान ने उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं से मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के लाभार्थियों को भौतिक सत्यापन से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सेविका अपने-अपने पोषक क्षेत्र में सेविका घर-घर जाकर लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन करें। सत्यापन में कोई राशि लेने का प्रावधान नहीं है। मुखिया ने ग्रामीणों से अपील किया कि अगर भौतिक सत्यापन के लिए कोई आपसे राशि की मांग करते है तो इसकी सुचना बीडीओ व मुखिया को दें। मौके पर पंचायत समिति माताहार शेख, रिजाउल शेख, नवी शेख, मोबारोक शेख, कलीमुद्दीन शेख, सद्दाम शेख, मंगल मंडल, मनोज मंडल, सेविका, नूरखातून बीबी, शान्ति घोष, नूरनहर बीबी,श्रीति कुमारी मंडल, सुमित्रा मंडल, सहित अन्य मौजूद थे।

गंगा नदी थाना का हुआ उद्घाटन,लव कुमार बने थाना प्रभारी

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। झारखंड व साहिबगंज का पहला गंगा रिवर थाना का बुधवार को शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा, उपायुक्त हेमंत सती और एसपी अमित कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। रिवर थाना का प्रभारी लव कुमार को बनाया गया है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। चर्च के सामने स्थित रेलवे के वर्षों से खाली पड़े बंगले में रिवर थाना अस्थाई रूप से संचालित होगा। दरअसल साहिबगंज में 83 किलोमीटर तक फैली गंगा नदी के किनारे और नाव से होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रिवर बैंक थाना खोला जाना है। थाना में प्रशिक्षित गोताखोर मोटरबोट के साथ हर समय गंगा में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखेंगे। लगभग डेढ़ साल पहले साहिबगंज में रिवर थाना की मंजूरी मिली थी। गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा 19 अक्टूबर 2023 को अधिसूचना जारी कर साहिबगंज जिले में गंगा नदी थाना के सृजन की घोषणा की थी। झारखंड का एक मात्र साहिबगंज जिला है, जहां गंगा नदी गुजरती है। नदी के उस पार अंतरराज्यीय सीमा की वजह से अपराधी व पशु तस्करों का आना जाना लगा रहता है। जांच और आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रिवर थाना खोलने का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा गया था। थाना बन जाने से गंगा नदी के रास्ते होने वाली अवैध गतिविधियों पर रोक लग सकेगी। जो गंगा नदी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाएंगे।मौके पर डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, एसडीपीओ किशोर तिर्की, सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन, नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, मुफ़स्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार व अन्य थे

माघी मेले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने लगाया कानूनी जागरूकता कैंप

साहिबगंज।साहेबगंज के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) अखिल कुमार के मार्गदर्शन में राजमहल के माघी मेले में गंगा तट पर कानूनी जागरूकता कैंप लगाया गया।कैंप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी)ने लोगों के बीच पंपलेट और हैंडबिल वितरित कर कानूनी सहायता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं।उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा,पीएलवी ने डालसा द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी,जिससे जरूरतमंद लोग कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

मनाई गई संत रविदास की जयंती

साहिबगंज। शहर के विद्या भारती विद्यालय,जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वंदना कक्ष में बुधवार को माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत रविदास की जयंती मनाई गई।जयंती समारोह का आरंभ विद्यालय की वरिष्ठ आचार्य किरण कुमारी गुप्ता,निर्मला कुमारी,अर्चना वर्मा, स्नेहा भारद्वाज,अमित कुमार,कल्याण भंडारी ने संत रविदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया।जयंती समारोह को संबोधित करते हुए निर्मला कुमारी ने बताया कि संत रविदास 15 वीं सदी के एक महत्वपूर्ण संत थे।संत रविदास अपनी आध्यात्मिक कविता और शिक्षाओं के लिए जाने जाते हैं।उन्होंने समाज में समानता और भाईचारा के महत्व को सिखाया।इन्होंने ब्राह्मण धर्म में व्याप्त कुरीतियों और अज्ञानता के लिए आम जनमानस को धार्मिक अंधविश्वास और आडंबर से दूर रहने का संदेश दिया और कहा कि अगर मन पवित्र है तो गंगा में भी स्नान की आवश्यकता नहीं है।कक्षा पंचम के भैया आदित्य,भैया प्रिंस,बहन कोमल,बहन प्रियंका कक्षा षष्ठ के भैया किट्टू,बहन दिव्या,कक्षा सप्तम के भैया अंशु,बहन आकांक्षा कक्षा नवम की बहन नंदनी एवं भैया ऋतिक कुमार ने संत रविदास जयंती पर अपना विचार रखा।जयंती समारोह का संचालन आचार्य अमित कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन अर्चना वर्मा

एम डी ए का निरीक्षण करने पहुंची दिल्ली की टीम

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों में 10 फ़रवरी से चल रहे एमडीए कार्यक्रम का निरक्षण दिल्ली से आये हुए ह्ष्टङ्क्क ष्ठ्ठ से राष्ट्रीय मॉनिटरिंग टीम में कृतिका त्रिपाठी,एसश केश उसमानी, एवं जेश केश मानी के द्वारा किया गया! जिसमे सर्व प्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों में एमडीए, कालाजार एवं भीबीडी से सम्बंधित सभी प्रकार के रजिस्टर, प्रतिवेदन, दस्तावेज एवं दवा आदि का अवलोकन किए! साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर रामपुर अंतर्गत तेलो गाँव में चल रहे घर घर एमडीए कार्यक्रम का निरक्षण किया गया एवं टीम के द्वारा दवा प्रशासक डीए एवं पर्यवेक्षक को एमडीए कार्यक्रम से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए! निरक्षण के दौरान राष्ट्रीय टीम के द्वारा तेलो गाँव में उपस्थित सभी लोगों को फाईलेरिया बीमारी के बारे में जानकारी दी गई एवं लोगों को एमडीए कार्यक्रम में दवा खाने के महत्व के बारे में बताया गया! साथ ही सभी लोगों को गर्भवती महिलाओ,1 वर्ष से कम उम्र के बच्चे एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छोड़कर सभी लक्षित जन-सामुदाय को दवा सेवन करने को कहा गया ! साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंडरों का भी निरक्षण किया गया! मौके पर डॉश सालखु चन्द्र हांसदा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डॉश सत्तीबाबू डाबडा जिला ङ्क्क्ष्ठ सलाहकार, डॉश विवेक भारती,अभिषेक कात्यायन पीएल पिरामल स्वास्थ्य, बिष्णु कुमार भगत बीपीएम, प्रवीर सिन्हा एमटीएस मनोहर पंडित एमटीएस मिठू कुमार ख्ख, अर्चना सिंह को सुशीला मुर्मू सहिया साथी, रायमुनी हेमब्रम सहिया, किमोती देवी सेविका आदि उपस्थित थे।

झामुमो पंचायत कमिटी पुर्नगठन को लेकर हुई बैठक

बोरियो, साहिबगंज। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के बोरियो बाजार एवं बोरियो संथाली पंचायत में झामुमो का पंचायत कमिटी का पुर्नगठन को लेकर पंचायत भवन के समीप पर्यवेक्षक रिजवान अंसारी,शकील अहमद,फरहाद अंसारी, गफ्फार अंसारी,एजाज अंसारी की मौजूदगी में बैठक किया गया।जहां बोरियो संथाली पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए विक्रम हेंब्रम ने बहुमत प्राप्त कर अध्यक्ष बने एवं सचिव पद के लिए नजीर हुसैन ने समर्थन प्राप्त कर सचिव बने। वहीं बोरियो बाजार पंचायत के लिए मदरसा नूरुल होदा मैदान में पंचायत अध्यक्ष पद के लिए मंजूर आलम एवं सचिव पद के लिए आलमगीर आलम ने बहुमत प्राप्त किया।मौके पर तबारक अली,नवाज शरीफ, तारिक अंसारी,आलम अंसारी इमामुद्दीन अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की दसवीं वर्षगांठ मनाई गई

साहिबगंज/ जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव के निर्देशानुसार मंथन संस्था, एक्सआईएस एवं चाइल्डलाइन के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का दसवीं वर्षगांठ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय साहिबगंज में बच्चों के बीच कार्यक्रम कर मनाया गया। कार्यक्रम को नेतृत्व करते हुए बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि 2015 में, भारत सरकार ने देश में लैंगिक भेदभाव और महिला सशक्तिकरण के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत की गई थी।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत प्रधान मंत्री ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत, हरियाणा में की थी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है,महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है, आर्थिक विकास में सुधार स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार अगली पीढ़ी की शिक्षा सामाजिक सुधार एवं देश की प्रगति होती। मौके पर सुभाजित चंद्र, रूबी कुमारी, वसीम रज़ा, अवधेश कुमार, महताब अंसारी, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

करमटोला रेलवे रैक लोडिंग में चलती है कागजी खानापूर्ति, रेल यात्री परेशान

शाहजहां काजू साहिबगंज। जिला के करमटोला रेलवे स्टेशन रेलवे रैक लोडिंग में सिर्फ कागजी खानापूर्ति हो रही है। एक तरफ तो रेलवे के ट्रैक लोडिंग में एनजीटी के आदेश की अवहेलना हो रही है। वहीं दूसरी ओर करमटोला रेलवे स्टेशन में आने जाने वाले रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो की प्लेटफार्म नंबर दो और तीन में स्टोन डस्ट और स्टोन चिप्स बिखर पड़े रहने से रेल यात्रियों को काफी परेशानियों हो रही परेशानी को कोई सुध लेने वाला नहीं है।लोडिंग पॉइंट पर किसी भी तरह का कोई अपनी छिड़काव नहीं होने से आसपास के लोगों को उड़ रहे धूलकण से भी कई तरह की परेशानियों से रूबरू होना पड़ रहा है।दूसरी तरफ लोडिंग करने वाले बेचारे मजदूर के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। प्लेटफार्म पर मौजूद कहीं रेल यात्रियों ने कहा कि प्लेटफार्म में स्थित बैठने वाली सीट पर धूल की परत जमा होती है एवं प्लेटफार्म पर स्टोन चिप्स बिखरा पड़ा होता है जिससे कई बार छोटे-छोटे बच्चे गिर गए हैं जिससे के बड़ी हादसा को निमंत्रण दे रहा है। रैक लोडिंग संचालक द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है।किसी बड़े पदाधिकारी आने की सूचना पर ही कुछ घंटे के लिए ही व्यवस्था में थोड़ी सुधार होती है। या किसी बड़े पदाधिकारी आने की सूचना पर लोडिंग कार्य बंद किया जाता है।जानकारों के अनुसार लोडिंग में खुलेआम ट्रकों से ओवरलोड का परिचालन भी किया जा रहा है। लोडिंग पॉइंट के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों ने अपनी बेबसी सुनाते हुए कहा कि हम लोगों के बच्चे का भविष्य धूलकण से खतरे में पड़ गया है।

टेंपू पलटने से दो की मौत,कई घायल

साहिबगंज।जिले के बोरियो प्रखंड के किताजोर में बुधवार को टेंपू पलटने से महिला समेत आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए बोरियो अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बोरियो के दुमकी के बगरू पहाड़िया(46),किताजोर की सोहरिन किस्कु(50), हिरणपुर थाना क्षेत्र के घघोरजनी की संझली हांसदा(45),किताजोर के क्लेमेंट मरांडी(40) व किताजोर ले पिरु मुर्मू(80) को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।जहां आने के दौरान रास्ते मे ही पिरु मुर्मू व क्लेमेंट मरांडी की मौत हो गई।घायल संझली हासदा ने बताया कि टेंपू में 15 लोग सवार थे।वे लोग टेंपू से किताजोर से कांदर जा रहा था।किताजोर से टेंपू खोलने के कुछ ही दूरी पर टेंपू असंतुलित होकर पलट गया।इसमे आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गया।इधर डॉक्टर में बताया कि दोनों मृतक के सिर में गंभीर चोट लगी।अधिक खून बह जाने की वजह से मौत हुई है।वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

विधायक ने मंत्री को पेयजल के लिए सौंपा ज्ञापन

संताल एक्सप्रेस /राजमहल विधानसभा के विधायक ने राज्य सरकार के पेयजल एवं स्वक्षता विभाग के मंत्री को ज्ञापन सौंपकर पेयजलापूर्ति की मांग की। ज्ञापन में उन्होंने राजमहल, उधवा व साहिबगंज प्रखण्ड के दियारा क्षेत्र के पंचायतों में आर्सेनिक मुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, राजमहल, उधवा एवं साहिबगंज प्रखण्ड के वैसे पथरीला व दलदली भूमि जहाँ बोरिंग की व्यवस्था नहीं हो पा रही है वहां पाइप लाईन के माध्यम से जलापूर्ति करने, राजमहल पेयजल एवं अवर प्रमंडल कार्यालय को सुचारू रूप से चालू करने, मेगा बल्क रूरल वाटर सप्लाई योजना से साहिबगंज और उधवा को जोड़ने, नलकूपों की साधारण मरम्मति के लिए राशि देने, जिला में नलकूपों की विशेष का फंड देने, ग्राम जल स्वच्छता समिति को निधि उपलब्ध कराने, सहिया के वेतन में वृद्धि की मांग की है।

फाइलेरिया मुक्ति के लिए एमडीए कार्यक्रम का राष्ट्रीय मॉनिटरिंग टीम ने किया निरीक्षण।

बोरियो,साहिबगंज। राष्ट्रीय मॉनिटरिंग टीम से सीएचसी अंतर्गत में 10 फ़रवरी से चल रहे एमडीएम कार्यक्रम का निरक्षण किया। दिल्ली से आये हुए राष्ट्रीय मॉनिटरिंग टीम में कृतिका त्रिपाठी, एस. के उसमानी, एवं जे. के. मानी के द्वारा किया गया।सीएचसी में एमडीए कालाजार एवं वीभीडी से सम्बंधित सभी प्रकार के रजिस्टर, प्रतिवेदन, दस्तावेज एवं दवा आदि का अवलोकन किया गया। साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर रामपुर अंतर्गत तेलो गाँव में चल रहे घर-घर कार्यक्रम का निरक्षण किया गया एवं टीम के द्वारा दवा प्रशासक एवं पर्यवेक्षक को एमडीए कार्यक्रम से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरक्षण के दौरान राष्ट्रीय टीम के द्वारा तेलो गाँव में उपस्थित सभी लोगों को फाईलेरिया बीमारी के बारे में जानकारी दी गई एवं लोगों को एमडीए एमडीए कार्यक्रम में दवा खाने के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही सभी लोगों को गर्भवती महिलाओ, 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चे एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छोड़कर सभी लक्षित जन-सामुदाय को दवा सेवन करने को कहा गया।मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सालखु चन्द्र हांसदा,जिला वीभीडी सलाहकार डॉ. सत्तीबाबू डाबडा डॉश विवेक भारती, अभिषेक कात्यायन,बिष्णु कुमार भगत बीपीएम, प्रवीर सिन्हा,एमटीएस मनोहर पंडित,सहिया साथी मिठू कुमार,अर्चना सिंह,सुशीला मुर्मू, रायमुनी हेमब्रम सहिया, किमोती देवी सेविका सहित अन्य मौजूद थे।

मुंडरी एंगाताक् ओल रूवाड़ चिठी

-चुण्डा सोरेन 'सिपाही'

पादांनरांस

माहित- तिनाक् चो।

दुलाड़िया होमोनिञको कुड़ी !

चांदी चोक् मोलोङ रे सो जोहार !!

इञ दोञ नापाय गेया। जानिच् आपेको हों नित हाबिच् दो प्रंभूवाक् थुम दाड़े ते किदिञ कापुर बाहा लेका बोंबोरकोत् गे मेनाक् आकात्पेया। आर, से दाक् ताला पुठी हाको लेका गेपे छिलकी-बिलकी बाड़ाय काना। एनते, जुवान उमार थोर ! बासे ? चेत् रेयाक् फिकिर ? से, चिन्ता। चेत् रेयाक् हों बाङ। चो ओकोबाडाय चोङ ! मेनखान, इञ दो बारया गिदरा हांबुत् काते एनका थिया-थापे गे मेनाञा। एनते, आघाड़ बोंगा होड़ो इराक् जोखेच् कुमाङ हाड़ाम तापे दो गोडो मेनते चुटञाई ला ञाम लेदे ते उनी दो बोगे ते बोतोर सेतेलेत्ए दाड़ केदा। आदो, इञ हों इञाक् ओना कुड़ुबे दातरोम चापात् गिडी काते बोगे ते उनी गेयिञ लागा केदेया गिदराञ जोम ओचोकोआ मेनते। मेनखान, छीह ! चेत्तेत् हों बाङ ! उनी चुटञा ओताये जोखाच् गे मोटा पिंढा खोनिञ ञुरेन ते लेंगा नाखा डुबही दो पेसोड़ आकानतिञा। बोगे ते भाला हासो केदेञा एकाल ते आबा-पापा। आदो, नित हाबिच् ओना गे बाङ बेस उतार आकानतिञा। आदो, एनहों चाक्एम मेना ? प्रभू दाया ते ढेर खोन दो !.....

आदो, होमोनिञ बिटीको ! नोक्ओंय कुमाङ हाड़ाम हेरेल तापे दो पे हापता गाने होय एना। ओलचिकी लिपि बिरूद लागित् ते ओड़ाक् खोने ओडोक आकान दो इना ओडोक रे गे बाहरे रे गे मेनाय आकादेया। ओकोरिच् ओड़ाक् ते गे चो बाय रूवाड़कान। नोते ओड़ाक् रे मारीच आर मोसोलाको हों चाबा आकान तालेया। मुसकिल आकानाले। गाय, डांगरा आर से मिहं, मेरोमको ओडोक-आदेरको रे हों। एनते, इञ मा डुबही पेसोड़ आर से काटिच्इच् गिदरा माय पुनी आकान ते नुनू ते हों बाय बीक् काना। ओना सांव ते गे गोड़ोमबुढी तापे माय नाबी आकान । हाड़ाम मा उनी गेये पांजा बाड़ाये ! आदो, ओनका लेका ते बोगे तेले हारकेतोक् काना। एकाल ते ! चेत् बाङ सेम मेन !....

आदो, आछा होमोनिञ आपे कुड़ीको। आपे दोपे पाड़हावक् कुड़ी काना। जोतोवाक् गेपे पाड़हाव ञाम आकादा। आदो, आछा नोआ ओलचिकी हारोप दोबोन बिरूद दाड़ेयाक् गेया ? सेबोन, बिरूदेत् दो ठिकुक्कान गेया ? ओकोबाडाय चोङ ! बाङ-चो-चेत् चो ! नोआ माचो एनते संताली पारसी ओल आर से संताल जातकोवाक्कान गे ! आदो, ओना दो चेका तेबोन बिरूद दाड़ेयाकेया ? ओनका मा आबो रेन होड़ माको मेनेत्कान- 'संताली पारसी दो रोमन आर बाङखान दो देवनागरी हारोप तेबोन ओला। ओना ते दोबोन ओल हेवा आकाना। आदो, बिटीको ! ओना मा एनते आबो संतालकोवाक् मा बाङकान चो ! ओना मा सेदाय आबो संतालकोवाक् पारसी ओल-तोल लागित् ते दिकूको बेनावलेत् ! आर, से ओना हों आको बुझाउ से संताली पारसी चेद लागित् ते गे ! मेनखान, संताली पारसी रेयाक् वैज्ञानिक धारा ते थोर बाङ। ओना दो ओनको दो आबोवाक् रोड़ आड़ाङको आञ्जोम केदा। आदो, ओना आञ्जोमाक् आड़ाङ ओल लागित् ते हारोपको बेनाव केदा आर संताली साबादकोको ओल केदा। मेनखान, पारसी रेयाक् विज्ञान धारा ते दो बाङ।....

आदो, ओनका लेका ते नोआ ओललिपी हारोप बिरूद दो इञ दो मुसकिल गेञ आइकावेत् काना। आदो, एनहों कुमाम हाड़ाम हेरेल तापे दो नोक्ओय आयमा दिन होय एना। चिकी बिरूद रे गे मेनाय आकादेया। नोक्ओंय उनाक्ले हारकेतोक् काना। मेनखान, ओड़ाक् ते गे बाय हिजुक् काना। मेनेत् कानाये- 'ओलचिकी लिपि दो अवैज्ञानिक गेया। आदो, बिटी माईको ! रोमन लिपि ते मा दाक् मा 'dak' ओलोगोक्आ। आर, से ओना काते 'दागोक्'बोन ओल खान दो चेत् लेकाबोन ओला ? 'dagok' गे थोर ? आदो, ओना गे जुदी पारसी रेयाक् नियोम लेका तेबोन बेगारेत्कान खान चेत् लेका ओलोगोक्आ ? 'dak'+ok'गे थोर। आदो, 'k'+o=g थोर बाङ होयोक् काना- 'k' होयोक् काना। आदो, तोबे ओकोर आनाङ पारसी बिज्ञान रेयाक् नियोम दो ? ओना मा च्स्त्रड्डद्मश्चद्मज् होयोक्कान। 'dagok' दो बाङ होयोक् काना। ओना ते दिकूको बेनाव आकात् नोआ हारोप दो पारसी विज्ञान लेका ते दो अवैज्ञानिक गेया।

ओनका गे देवनागरी ते हों जुदी ओना 'दाक्' साबाद रेयाक् गे 'दागोक्'बोन ओला। आर, ओना रे पारसी रेयाक् नियोम (संधि विच्छेद) लेका तेबोन हाटिञेत्कान खान दो 'दाक्+ओक्' होयोक् काना। आदो, नोण्डे दो नोआ 'क्+अ=ग' दो बाङ थोर- 'क' होयोक्कान चो। आदो, तोबे नोवाकिन बानार हारोप, मेन दो- 'रोमन' आर 'देवनागरी' रेयाक् गे ओकोर आनाङ पारसी रेयाक् नियोम दो ? ओना ते नोवाकिन बानार हारोप गे पारसी रेयाक् बिज्ञान लेका ते दो अवैज्ञानिक गेया। मेनखान, ओलचिकी हारोप ते दो 'दाक्' एम ओल खान दो च्छड्डद्दज् ओलोगोक्आ। आर, ओना गे जुदी 'दागोक्'एम ओल खान दो 'ᱫᱟᱜᱳᱠ' ओलोगोक्आ। आदो, ओना गे जुदी पारसी रेयाक् नियोम लेका ते हाटिञेत्कान खान दो 'ᱫᱟᱜ+ᱳᱠ'=ᱫᱟᱜᱳᱠ होयोक् काना। मेन दो- ᱜ+ᱳ=ᱜ दो बाङ, ᱜᱳ (गो) होयोक् काना। आदो, बिटी माईको ! नोक्ओंय चो पारसी रेयाक् नियोम लेका ते मा चो नोआ ओलचिकी हारोप गे वैज्ञानिक मा होयोक्कान। ओनका लेका ते इञ दोञ हुदिसेत् काना जे आबो दो आर से उनी कुमाङ हाड़ाम पादवा हेरेल तापे दो मिछा गे संताली पारसी हारा राकाब रे दोय गांडे बाड़ाय काना मित् टेन लेलहा होड़ लेका।

आदो, ओना ते आपे ठेनिञ नेहोरोक् काना होमोनिञ बिटीकोतिञ जे उनी पादवा हाड़ाम दो जाहां रेपे ञाम एमानले खान दो ओड़ाक् ते कोल रूवाड़कायपे ! नोआ दो आउड़ियाक् गेया। आर, से एनते आले होंले आवा-टापा आकान दो ! मुचात् रे आपे सानामको प्रभू दाया ते Good Morning!....

इञ दो लेचको हातोम तापे

मुंडरी एंगात।

माघी कुनामी- छत्तीसगढ़ रेयाक् महानदी रे पातयावानको दोको डाबरा एना, आडी आंटको भीड़ केदा

खोबोरिया

धमतरी। माघी कुनामी रेयाक् पूण्य कुनामी ओपसोर रे छत्तीसगढ़ रेयाक् धमतरी जिला रेयाक् ग्राम रूद्री आड़े महानदी रे बुधवार हिलोक् डाबराक् लागित् सेताक् खोन गे पातयावानकोको हेच् पेरेच् केदा। नोआ खास ओपसोर रे पातयावानको दो महानदी रेआडी सेताक् रे डाबरा काते सुख-समृद्धि लागित् कोय बिनती केदा। धमतरी जिला रेयाक् नगरी डोगापथरा घालोक् एटाक् ठाँव रे मेला पेरेच् ताहेयेना। नोआ ओपसोर रे रूद्री रे ओरामेन मड़ई रे सोहोर छाडा आडेपासे आतो खोन आयमा होड़ दो भगवान भोलेनाथ ठेन दोरसोनको लागित्को सेटेर एना। सांगिञ-सांगिञ खोनपातयावानको नोण्डे भोलेनाथ दोरसोनको सेटेर एना। धमतरी जिलामु यालय खोन नौ किमी आर रायपुर खोन 87 किमी फराक रूद्री रेमेनाक् रूद्रेश्वर महादेवाक् मुंदिल छत्तीसगढ़ रेयाक् आसोल शिवालयकोरे सेलेत् मेनाक्आ। महानदी तट रे मेनाक् नोआ मुंदिल रेयाक् इतिहास दो हाजार के बोछोर मारे गेया। माघी कुनामी दो 12 फरवरी हिलोक् नोण्डे सायके पातयावानकोको सेटेर एना। नोआ माघी कुनामी ओपसोर रे ओरामेन मेला मड़ई रे रूद्री छाडा आडेपासे आतोको रे सोरम, भटगांव, कोलियारी, करेठा, खरेंगा, नवागांव,कंडेल, दर्री, कसावाही, गंगरेल अर्जुनी, शंकरदाह, रत्नाबांधा,मुजगहन, लोहरसी, पोटियाडीह, श्यामतराई घालोक् आयमा आतो खोनहोड़ दो मेला ञेलको सेटेर एना। मंदिर रेन पुजारी गोकुल यादवाक् मेन काना जे नोण्डेनाक् शिवलिंग स्वयंभू कानाय। लाहा ते नोण्डेनाक् मुंदिल रापुत् रूप रे ताहेंकाना। नियाहाली रे मुंदिल रेयाक् ओका स्वरूप ञेलोक् काना। ओना दो 16 बोछोर भितार ते बेनाव आकाना। नोण्डे मेला होयोक् रेयाक् इतिहास आडी मारे गेया। सेताक् खोन नोण्डे डांग लागित् बैगा सेटेर आकाना। पारंपरिक वाद्ययंत्रको सांवते देवी देवताकोवाक् पुरा श्रृध्दा पातयाउ सालाक्को पुजा केदा।

माराडमंत्री दो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ावाक् फिटनेस रेयाक् कुरूमुटूकोय सारहाव केदा

खोबोरिया

नावाँ दिल्ली। माराडमंत्री नरेन्द्र मोदी दो फिटनेस बाढाव एमावाक् आर मोटापा सांव लाड़हाई लागित् ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरजचोपड़ावाक् कुरूमुटूकोय सारहाव आकादा। मोदी दो मोटापा साँव लाड़हाई आर स्वस्थ जीवनशैली आपनार रेयाक् जारूड़तेत् रे जोरे एम केदा। फिट इंडिया लागित् सामूहिक कुरूमुटूको रेयाक् मोहोतरे ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ावाक् मित् लेख रेयाक्जोबाब रे मोदी दो एक्स रे मितटेन पोस्ट रे मेन केदा- 'नीरज चोपड़ा होतेते ओल आकान मित् व्यावहारतेयाक् आर उसकुरान लेख मोटापा साँव लाड़हाई आर निफुट स्वस्थ ताहेंन रेयाक् जारूड़तेत् रे जोरे एमावाक् काना।'

समाज सेवाय रेन उक्सकुरिच्ए बेनावेना संहिता बोस, आम केदाय 'बंग गौरव आइकन अवार्ड'

खोबोरिया

चितरंजन। समाजसेवा रेयाक् क्षेत्र रे मित् उक्सकुरिच्ए बेनाव चुकावेन संहिता बोस दो उनीयाक् जारूड़ान आर जुदा हाहाड़ावान योगदान लागित् 'बंग गौरव आइकन अवार्ड' तेको मानोत केदेया। स्वास्थ्य सुबिताको मिमित् होड़ हाबिच् सेटेराको आर जारूड़ोक् होड़को गोड़ोंवाको लागित् उनी दो जाव गे सापड़ावे ताहेंन काना। उनीयाक्सेवा भावना ञेल तुलुच् इंटरनेशनल इक्विटेबल ह्यूमन राइट्स सोशलकाउंसिल दो उनी नोआ आसोलतेयाक् मानोत तेको मान मानोत केदेया।आसनसोल रेयाक् होटल ज्योति इंटरनेशनल रे ओरामेन स मान समारोह रे आयमा लेकमान पेड़ाकोको सेलेत् एना। नोआ ओकते काउंसिल रेन चेयरमैन संजय सिन्हा दोय मेन केदा जे संहिता बोस लेकान कर्मयोगीकामिया समाजसेवीको दो सोमाज रे आडी गेको जारूड़ोक्आ।बाडायाक् काना जे संहिता बोसाक् सेवाको लागित् लाहा ते हों आयमा राष्ट्रीय समाचार पत्र खोबोर साकामको रे रिपोर्ट छापा चुकाउ आकाना आर उनी दो आयमा ओकोच् एटाक् आर पुरस्कार होंय ञामचुकाउ आकादा।

चैंपियंस ट्रॉफी रे बाको सेलेत् लेदेया बुमराह

खोबोरिया

मुंबई । भारतीय टीम रेन आसोल स्पीड गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दो आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खोने बाहरेयेना। भारतीय क्रिकेट बोर्डबीसीसीआई, चयन समिति दो बुमराह नोआ इयाते बाको सेलेत् लेदेयाचेदाक्जे उनी दो जाहां लेकानाक् रिस्क हाताव बाय मेनेत्कान ताहेंना। चयन समिति दो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी रेयाक् जाहांरिपोर्टए एम आकान ओना रेय मेन आकादा जे बुमराह दो आयाक् देया रेयाक् बिसी जाङ हासुयेदेकान रे हों टूर्नामेंट एहोप् खोन लाहा रे उनी दो पुरा तेय मोज उतारोक्आ। नोआ दो ओहोम मेनदाड़ेकेया। नोंडका रे चयन समिति दो उनी सेलेत् कातेक् जाहांनाक् रिस्क हाताव बाय मेनेदा। मेडिकल रिपोर्ट रे साफ तेको ओल आकादाजे स्पीड गेंदबाज दो आयाक् रिहैब ए पुराउ केदा। मेनखान बेंगलुरू रे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी रेन मेडिकल टीम दो नोआ बाको पुस्टा दाड़ेवाकादा जे उनी दो चैंपियंस ट्रॉफी रे गेंदबाजी लागित् ते साप्-सापड़ाव दाड़ेयाक्आय से बाङ। नोडका रे अगरकर दो मुचात् फायसला हातावे मेन लेत् ताहेंना। अगरकर दो बुमराहवाक् मितटेनफिट जुवान हर्षित राणाये सेलेदे दो जोतो खोन मोजे मेतावादा।रिपोर्ट लेका ते अगरकर दो बुमराहवाक् फिटनेस रेयाक् रिस्क उठाउ लागित् ते बाय मेनेत्कान ताहेंना। बुमराह दो 2022 सेरमा रे पाहिल रे गे देया लातार हिंस रे सर्जरी आचो आकात् ताहेंना। उनी दो सिडनी रे ऑस्ट्रेलिय बिरूद रे मुचात् टेस्ट रे गेंदबाजीओकते आर मित् ठेने बाजावेना। उनी दो पाहिल पारी रे 10 ओवर चापात् तायोम ए बाहरे लेना। उनी दो मित् चान्दो जिरा लागित् तेको मेतावादेया। बुमराह दो इंग्लैंड बिरूद रे पोन्ड बॉल रेयाक् घरेलूसीरीज रे चयन लागित् ते एल्लेबल बाय ताहेंकाना।

इंग्लिश बिड़ाउ मोंज ते बाय एम दाड़ेयात् भाबना रे पाठवा दो

निज ते गे गोडो गोच् बिस रान जोम कातेय गोच् एना

खोबोरिया

कोलकाता। दक्षिण 24 परगना जिला रेयाक् बसती थाना टोठा रे मिल्टेनमाध्यमिक बिड़ाउ एमोक् पाठवा दो आच् निज तेय गोच् एना। लायेत्कानाको जे इंगराजी बिड़ाउ मोंज ते बाय एम दाड़ेयाक् दुख भाबनारेय ताहेकाना। उनी दो 24 उमार रेन रूमा नस्कर रूप रेय बाडाय ामआकाना। ओका दो बासंती सेंट तेरेसा उच्च माध्यमिक गर्ल्स हाई स्कूल रेन पाठवा ए ताहेंकाना। इंग्लिश बिड़ाउ एम तायोम नोआ टेंसोन रेञुमे ताहेंकान पाठवा दो बिड़ाउ ओड़ाक् केंद्र सोनाखाली उच्च माध्यमिक हाई स्कूल रेय ताहेंकाना। सोमवार हिलोक् दो उनीयाक् बंगाली बिड़ाउ मोंज ते गे होय लेना। मेनखान मंगलवार हिलोक् इंग्लिशबिड़ाउ रे मोंज ते बाय एम दाड़ेयात् ते दुख टेंसोन रेय ताहेंयेना।बिड़ाउ तायोम ओड़ाक् रूवाड़ हेच् काते उनी दो ओकोय सांवते होंबाय गालमाराव लेना। घारोंज रेन हों उनीयाक् बाको चिंता लेना। न्दि दो आचका गे उनीयाक् तबीयत बिगड़ाउ इदीयेनाए तोबे घारोंज रेनको बाडाय केदा जे उनी दो ओड़ाक् रे दोहो ताहेंकान गोडोगोच् बिस रान ए जोम आकात् ताहेंना। तुरंत उनी दो बासंती ब्लॉक हासपाताल तेको इदी केदेया। ओण्डे प्राथमिक रान बाड़ा केदे तायोमबुधवार हिलोक् सेताक् उनीयाक् हालोत दो बिगड़ाउ इदीयेन रे कैनिंग महकमा हासपाताल तेको रेफर केदेया। मेनखान होर रे गेय गोचएन गेया। नोआ घोटोना ते पुराउ इलाका दुख उदास ते उनुमआकाना। स्कूल रेन माहांसोयको लेकातेए रूमा दो पाड़हाक् रे मोंजगेय ताहेंकानाए मेनखान इंग्लिश बिड़ाउ रे कोमजोर प्रदर्शन ओल रे खातिर गे उनीयाक् मानसिक दबाव टेंसोन रेय ताहेंकाना।

फिलिम 'लवयापा' रेयाक् बॉक्स ऑफिस रे बाड़िच् हालोत

खोबोरिया

मुंबई। बॉलीवुड रेन मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान आर बोनीकपूर- बोंगा तालावाकान श्रीदेवी रेन काटिच् कुड़ी खुशी कपूर ताकिनाक् फिल्म 'लवयापा' दो 7 फरवरी हिलोक् रे रिलीज आकाना।नोआ दो खुशी आर जुनैद सिनेमा ओड़ाक् रे रिलीज होय लेन पाहिल फिल्म काना। बानार होड़ गे नोआ रोमांटिक कॉमेडी फिल्म रेयाक् जमकर प्रमोशनकान ताहेंना। फिल्म 'लवयापा' दो बाक्स ऑफिस रे आडीमोज बाय कामाउ लेदा। फिल्म रेयाक् कामाउ दो मोड़ेयाक् दिन रेआंकड़े हों सामाङ रे हेच् एना। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्काक्लेका ते 'लवयापा' दो रिलीज खोन मोड़ेयाक् दिन मेताक् मे पाहिल बालेमाहां हिलोक् 50 लाख टाका दो कामी रेय लागाव केदा। ओन्डे'लवयापा' दो पाहिल दिन 1.15 करोड़ टाका सांवते बॉक्स ऑफिस रेबाई-बाई ते एहोप् केदा। दोसार दिन फिलिम दो 1.65 करोड़टाकाय कामाउ केदा। तेसार दिन फिल्म दो 1.75 करोड़ टाका आरपोनाक् दिन दो 55 लाख टाकाय कामाउ केदा। ओना तायोम जोतो बॉक्स ऑफिस दोय 5.60 करोड़ टाका होयेना। अद्वैत चंदनाक् बातलाव रे फिल्म'लवयापा' दो 2022 सेरमा रे तमिल फिल्म 'लव टुडे' रेयाक् रीमेक काना। 'लावायपा' वैलेंटाइन वीक ओकते रेको रिलीज लेदा। मेनखान नोआ फिल्म ञेल होड़ दो ढेर बाको कुसीवादा। आयमा जायगा रे सिनेमाओड़ाक् दो बोन्द गे ञेल एना। नोआ फिल्म ञेल ते जासती क्रेज दोबाङ ताहेंकाना चेदा जे ट्रेलर आर सेरेञ दो आडी मोंज बाडताहेंकाना, मेनखान चेदाक् जे फिल्म रे आमिर खान रेन कोड़ा आरश्रीदेवी रेन कुड़ी मेनाक् किना, नोआ इयाते नोआ रे आडीडामड़ाहिवाकाना। लवयापा रेयाक् स्टार कास्टाक् लाई लेका ते नोआरे जुनैद खान आर खुशी कपूर छाडा कातेक् ग्रशा कपूर, युक्तमखोसला, तनविका परलीकर, कीकू शारदा, देवीशी मदान, आदित्य कुलश्रेष्ठ, निखित मेहता, जेसन थाम, यूनुस खान आर कुंज आनंद ताको दो आडी मोहोतानाक् कामीको पुराउ आकादा।

मानसिक स्वास्थ्य बाबोत रे जनजातीय होड़ाक् हुदिस-बिचार बाक्डाये सेटेरेना डॉ विनोद

खोबोरिया

दुमका। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) रेन क यूनिटी सोशलरिस्पांसिबिलिटी (आरएसआर) तारी रे संताल परगना कॉलेज दुमका रेयाक् मनोविज्ञानविभाग रेन विभागाध्यक्ष सांवते मानसिक परामर्श केंद्र रेन निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा दो मानसिक स्वास्थ्य बाबोत रे जनजातीय होड़ाक् दिग-हुदिस ओनमान आर ओनको जागवारको लागित् तेदुमका प्रखंड रेयाक् आयमा आतोको आसोकायते कोदोखीचा, घासीपुर, गुहिया आर सागबेहरी टोठाय दाड़ां केदा। डॉ शर्मा दोय टोठा दाड़ां काते आतो रेन होड़को ठेन खोन मानसिक आजार बाबोत चेत् बानाडाय मेनाक् ताकोआ आर ओना रेयाक् रान-मुरगान चेत् काना आर सेओकाटाक् डाहारको आपनारेत् काना नोआ काथाय ओनमान केदा। डॉ शर्मा दोय ञाम केदा जे होड़ दो ञेलोक्आक् बापुड़िच् बेवहार दो मानसिक रोगी रेय दोहोयेत्कोआ, नोआ रे मेताक्मे रूगी घारोंज दो पायसा आर से बानाडाय रेयाक् ओभाब आर ओसुबिता रेयाक् ओबोसता रे रूगीयाक् हालोत दो चान्दो हिरलाको जिमाकाक् काना आर ओना रेयाक् पोरमानकान गया जे मानसिक रूगीदो शक आर बोतोर रे ताहें काते जापित् आकात् हालोत रेपुराउ घारोंजे गोच्एत्कोआ।

आदोम होड़ दो नोआ होंको मेनेत्कान ताहेंकाना जे मित् होड़ाक् मानसिक आजार दोकोरान-मुरगान आकात् गेया, थोड़ागान दोय ठीक आकान गेया मेनखाननिसा इयाते दोड़हा ते हालोत दो लाहा लेकायेन ताया, आर ओना गे घारोंज आर सोमाज लागित् आउझावोक् रेयाक् ओजे दो बेनावाकाना। आदोम होड़ दो हान्ते-न्हाते दाड़ांन, बाङ गालमाराक्, आउडीयाक् गालमाराक् आर जाहांनाक् चेकाय, काउमाउ, दाल-तापाम एमान दो मानसिक आजार रेयाक् पाछनावको लाई केदा खान आदोमहोड़ दो झाडफूक आर जड़ी-बूटी ते रान-मुरगान काथाको लाई केदा। जिला मानसिक स्वास्थ्य केंद्र रेयाक् स्वास्थ्य सुबिताको रेयाक्बानाडाय दो बाङ लेका गेको लाई केदा। नोआ ताक रे डॉ शर्मा दोमानसिक आजार रेयाक् ओजे, पाछनाव आर वैज्ञानिक रान-मुरगान बाबोत रे बानाडाये एमात्कोआ आर आंधा पातियाउ लेकान हुदिस आरझाड़फूक लेकान अवैज्ञानिक बेवहार खोन सांगिञ रे ताहें काते जियोन जिवेदोक् रेयाक् सोलहाय एमात्कोआ। सोमाज रेयाक् दायिक कामी लेकाते संताली पारसी दो हिन्दी ते बुझावाय लागित् ते पीजी मनोविज्ञान रेन पाठवा मिथलेश मुर्मूये गोड़ोवादेया। नोआ ताक रे डॉ शर्मा दो कोदोखीचा आंगनबाड़ी केंद्र रेन गिदराको होंय इंटरेक्शन केत्कोआ आर मोंज बेवहार बेनाव लागित् ते केंद्र चालाव-बानाविच् दो मनोविज्ञानिक सोलहा होंय एमावादेया।

दक्षिण पूर्व रेलवे-ठिका

भारत रेन राष्ट्रपति लागित् आर उनी सेच् खोन मु य अभियंता (निर्माण)/I/दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 होतेते नोवाको कामी लागित् ई-ठिका नेवतायेत् काना ओका दो वेबसाइट www.ireps.gov.in रे अपलोड आकात्आ। ठिका दो निट आकात् तारीक हिलोक् तिकिन 12:00 बजे बोंदोक्आ। **ई-ठिका खोबोर संख्या:4553-जीआरसी-सीई-सी 01-04-2025, माहित: 11.02.2025।** कामीकोरेयाक् हुडिञ बानाडाय: मूरी खोन बांचावाक् इलु-सिल्ली बाईपास लाइन लागित् क पोजिट कामी-दक्षिण पूर्व रेलवे रेयाक् लूप लाइन एमान सांवते इलु स्टेशन खोन सिल्ली स्टेशन हाबिच् गोठोन आर कटाई रेओत रेयाक् कामीको फन्डाव सांवते बैलास्ट बेबोसताय, सेवा भवनको आर अप्रोच सोड़ोक बेनाव कामी सांवते संकेत आर दूरसंचार, बिजली तेयाक् कामी आर एमान तेयाक् सोंगे कामीको। **मोट पूंजी:** रु.74.38 करोड़। **बायना पायसा:** रु. 38,69,200। **पुराउ रेयाक् सोमोय:** 24 चान्दो। **ठिका रेयाक् पुराउ : 12.03.2025** बिवरोन/बानाडाय/स्पेसिफिकेशन लागित् मोने मेनाक् ठिकादार दो वेबसाइट www.ireps.gov.in रेको ञेल दाड़ेयाक्आ आर आपनार बोली दो ऑनलाइन तेको जामा दाड़ेयाक्आ। नोआ मद लागित् जाहांन ओबोसता रे गे मैनुअल दारखास दो बाङ आंगोचोक्आ। वि.द्र.: एटाक्आक् जोतो ठिकाको रे सेलेदोक् लागित् ते बोलीदाता दो वेबसाइट www.ireps.gov.in जाव गेकोञेल दाड़ेयाक्आ।
(PR-1126)

छात्र प्रिंस ने जेईई मेन्स में 97.27 परसेंटाइल लाकर बढ़ाया दुमका का मान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी कराने वाली दुमका की श्रेष्ठतम कोचिंग संस्थान ज्ञान सर्कल क्लासेस के छात्र प्रिंस राज गुप्ता ने जेईई मेन्स 2025 की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही 97.27 परसेंटाइल लाकर ना केवल अपने कोचिंग का मान बढ़ाया बल्कि अपने शहर दुमका का भी मान बढ़ाया है। बताते चलें कि प्रिंस राज ज्ञान सर्कल क्लासेज के 2 वर्षीय (11वीं और 12 वीं) कोर्स का विद्यार्थी है। प्रिंस ने अपने इस शानदार सफलता का श्रेय अपने

कोचिंग संस्थान ज्ञान सर्कल क्लासेस के सभी शिक्षकों खासकर अभिषेक सर को देते हुए कहा कि इस कोचिंग को ज्वाइन करने से पहले मेरे बेसिक कॉन्सेप्ट कमजोर थे। यहां आने के तीन महीने के अंदर ही मुझमें विषय की समझ गहरी होती चली गई और मेरा प्रदर्शन उम्दा होता गया। इसका सबसे बड़ा कारण कोचिंग के बेहतरीन शिक्षक थे, जिन्होंने विषयों को सरलतम बना दिया । प्रिंस ने कहा ज्ञान सर्कल क्लासेस के होने से दुमका के बच्चों को कहीं भी बाहर जाने की कतई जरूरत नहीं है,यहां वो सब कुछ है जो कोटा और दिल्ली में है। प्रिंस की इस सफलता पर उनके माता-पिता, घर के सभी सदस्यों के अलावे कोचिंग के शिक्षक अभिषेक सर,अमित सर, जगकर सर, फरहीन मैडम, राहुल सर, पवन मिश्रा, अमरेंद्र जी, मनीष वर्मा, विद्यापति झा, मनोज घोष सहित कई लोगों ने अपनी खुशी जाहिर की।

संस्थान के निदेशक अभिषेक झा ने बताया कि संस्थान के छात्रों के समर्पण, अभिभावकों के विश्वास तथा कोचिंग के शिक्षकों व संस्थान से जुड़े सदस्यों के मेहनत से संस्थान इस वर्ष के मई-जून तक आईआईटी, मेडिकल व बोर्ड्स की परीक्षाओं में उम्दा परिणाम देगा, इसकी पूरी उम्मीद है।

माघी पूर्णिमा को लेकर एसपी ने बासुकीनाथ मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

जरमुंडी । बासुकीनाथधाम में दुमका पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बुधवार को माघी पूर्णिमा के अवसर पर बासुकीनाथ मन्दिर क्षेत्र में विधि-व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान बासुकीनाथ मेला क्षेत्र, मंदिर परिसर, शिवगंगा तट का जायजा लिया एवं मौके पर मौजूद जरमुंडी एसडीपीओ अमित कुमार कच्छप, जरमुंडी थाना के प्रभारी सुमित कुमार पांडेय को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि आगामी महाशिवरात्रि पर बासुकीनाथ व आसपास के अन्य धार्मिक स्थल पर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम रहेंगे। श्रद्धालु

को कोई परेशानी नहीं हो इसका खास ख्याल रखा जाएगा। महाशिवरात्रि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारी एवं चोर, उचक्कों व मनचलों पर निगाह रखने के लिए सिविल ड्रेस में पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की बात कही। बताया कि महाशिवरात्रि के दो दिन पूर्व से ही सुरक्षा के आवश्यक इंतजामात किए जाएंगे। इस दौरान मंदिर परिसर स्थित जर्जर आंनद भैरव मंदिर और काल भैरव मंदिर का निरीक्षण किया और उक्त दोनों मंदिरों के मरम्मती अथवा नए सिरे से निर्माण की बात कही। इस मौके पर जामा थाना प्रभारी, बासुकीनाथ मन्दिर के पुरोहित कुंदन झा, सारंग बाबा, बासुकीनाथ मंदिर के सहायक प्रबंधक सुभाष राव, मदन झा, लखन झा, ब्रजेश झा, मन्दिरकर्मी सह मंदिर गार्ड कपिलदेव पंडा, गौतम राव, उदय मंडल, गुड्डू ठाकुर व अन्य मौजूद थे।

08 मार्च को व्यवहार न्यायालय में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

दुमका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के तत्वाधान में 08 मार्च, 2025 शनिवार को प्रातः 10:30 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में कंपाउंडेबल केसेस, एनआई एक्ट केसेस, एमएसीटी एक्ट, फैमिली कोर्ट केसेस, लेबर एक्ट, सिविल केसेस, बैंक रिकवरी केसेस, इलेक्ट्रिसिटी केसेस, फॉरेस्ट केसेस, एक्साईज केसेस आदि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का प्री काउंसलिंग सिटिंग जो 08 जनवरी से ही प्रारंभ है जिसमें अब तक सैकड़ो वादों का निष्पादन किया जा चुका है। डालसा सचिव, उत्तम सागर राणा ने सर्वसाधारण से अपील की है कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निपटारा कर लाभ उठाएं। इस संबंध में उन्होंने आज बैंक अधिकारियों एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी के साथ बैठक कर उन्हें कहा कि छोटे कर्जदारों के मामले में बैंक लचीला व्यवहार अपनाये तथा बैंक अधिकारियों को अधिक से अधिक बैंक लोन आदि आपसी सुलह समझौते से निपटारा करवाने का अपील किया। उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में एनपीए मामले में बैंक अधिकारी से रियायत बरतने और पक्षकारों के साथ सुलह समझौता से बैंक ऋण, ब्याज एवं अन्य मामलों का निष्पादन करवाने पर जोर दिया।

कुख्यात नक्सली पत्रास देहरी की गिरफ्तारी को लेकर चिपकाया इस्तेहार

संवाददाता

गोपीकांदर । न्यायालय द्वारा जारी आदेश पर कुख्यात नक्सली पत्रास देहरी की गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ सदर विजय कुमार महतो के नेतृत्व में बुधवार को इस्तेहार पत्रास देहरी के घर एवं साप्ताहिक हटिया में चस्पा किया गया। बताते चलें कि, पत्रास देहरी की गिरफ्तारी को लेकर पिछले कई सालों से पुलिस प्रशासन द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इसके खिलाफ काठीकुंड सहित कई थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार पत्रास देहरी बहुत ही कुख्यात नक्सलियों में से एक है। इसके कई कांड में संलिप्त होने की सूचना पुलिस प्रशासन को है। बुधवार को एसडीपीओ सदर विजय कुमार महतो ने पुलिस बल

के साथ उसके घर गोपीकांदर थाना क्षेत्र अंतर्गत खटगांवा गांव पहुंचकर इस्तेहार चिपका दिया है। साथ ही गोपीकांदर के साप्ताहिक हटिया में ढोल बजाकर बिजली खंभा पर इस्तेहार चिपका दिया है। आगे उसके खिलाफ कारवाई करने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय है। बहुत जल्द ही उसके घर पर कुड़की जब्ती की जायेगी। काठीकुंड थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार ने बताया कि पत्रास देहरी के खिलाफ काठीकुंड थाना में पांच मामला दर्ज है, जिसका कांड संख्या 12/2019, 14/2019, 16/2019, 24/2019, तथा 26/2019 है। इस मामले में पुलिस को आरोपी की तलाश है। आरोपी फरार चल रहा है। आरोपी गोपीकांदर थाना क्षेत्र अंतर्गत खटगांवा गांव का करमलाल देहरी का बेटा पत्रास देहरी है। जो फरार चल रहा है। इस दौरान एसडीपीओ विजय कुमार महतो, काठीकुंड थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार, गोपीकांदर थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ए एस आई धर्मल मांझी सहित कई पुलिस जवान शामिल थे।

एसकेएमयू पुरुष क्रिकेट टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि प्रतियोगिता में भाग लेने भुवनेश्वर रवाना

दुमका। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय पुरुष क्रिकेट टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बुधवार को ओडिशा के भुवनेश्वर के लिए रवाना हुई। उक्त प्रतियोगिता 11 से 22 फरवरी तक पूर्वी क्षेत्र के सभी विश्वविद्यालयों के बीच खेली जाएगी। रवाना हुई 14 सदस्यीय टीम में रूपेश पंडित, आर्य चक्रवर्ती, कुणाल कुमार, राहुल कुमार पंडित, रोहित कुमार, अनमोल कुमार राय, सागर कुमार सिंह, राहुल कुमार राउत, अंश कुमार, ऋषिकेश सिन्हा, आर्यन, सचिन कुमार मुंडा एवं मिलन कुमार शामिल हैं। टीम के साथ एसपी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ कुमार सौरव टीम मैनेजर एवं चंदन शर्मा कोच के रूप में टीम के साथ गए हैं। बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह, कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, खेल निदेशक डॉ सुजीत सोरेन, डॉ पूनम हेम्ब्रम एवं डॉ बिनोद मुर्मू आदि ने विश्वविद्यालय के कुलपति आवासीय कार्यालय से टीम को शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी। कुलपति ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलते हुए अच्छे प्रदर्शन की कामना की और टीम को विदा किया।

पीजी में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 फरवरी तक

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में पीजी एडमिशन के लिए चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 2 फरवरी से शुरू हो गई है और 16 फरवरी तक जारी रहेगी। अब तक करीब 3200 छात्र-छात्राओं ने पीजी एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। मालूम हो कि एसकेएमयू में कुल 5 कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई होती है, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर स्थित पीजी विभाग, देवघर कॉलेज, गोड्डा कॉलेज, साहेबगंज कॉलेज और सत्संग कॉलेज में सिर्फ कॉमर्स की पढ़ाई होती है। अब तक उपरोक्त सभी कॉलेजों में लगभग 3200 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें सबसे अधिक ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय के पीजी विभागों के लिए प्राप्त हुए हैं जो लगभग 1300 है, इसके बाद देवघर कॉलेज में लगभग 800, साहेबगंज कॉलेज में लगभग 750, गोड्डा में लगभग 250 तथा सत्संग कॉलेज में लगभग 60 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विश्वविद्यालय की ओर से आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी तक तय की गई है भूगोल, हिंदी, इतिहास, संथाली आदि विषयों में नामांकन के लिए अधिकांश छात्र-छात्राएं उत्साह दिखा रहे हैं। विश्वविद्यालय ने 2 मार्च तक नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली है तथा 3 मार्च से कक्षाएं शुरू करने की सूचना प्रकाशित कर दी है। विश्वविद्यालय की सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ पूनम हेम्ब्रम ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन व नामांकन से संबंधित आवश्यक निर्देश जल्द ही सभी कॉलेजों को भेज दिए जाएंगे।

नेशनल तिरंदाजी में दुमका का मोहित बंगाल में दिखाएगा दम

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। एनटीपीसी जूनियर नेशनल तिरंदाजी प्रतियोगिता शान्ति निकेतन बोलपुर पश्चिम बंगाल में आयोजित प्रतियोगिता में दुमका के मोहित कुमार खेलेंगे। इस बात की जानकारी जिला तिरंदाजी संघ क़े सचिव देवीधन टुडू ने जानकारी दिया है। उन्होंने कहा कि 12 से 14 फरवरी तक नेशनल तिरंदाजी प्रतियोगिता होगी। जिसमें दुमका क़े एकलव्य तिरंदाजी केंद्र कमारदुधानी दुमका क़े मोहित कुमार अपना प्रतिभा दिखाएंग। उन्हें जिला तिरंदाजी संघ क़े अध्यक्ष डॉ.लुईस मरांडी, दुमका जिला तिरंदाजी संघ क़े संरक्षक ब्रेनटुस किस्कू, जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोदार, जिला खेल कूद क़े सचिव उमाशंकर चौबे, एकलव्य तिरंदाजी केंद्र क़े मुख्य कोच सुमित मिश्रा, आवासीय बालक तिरंदाजी दुमका क़े कोच जितेन्द्र कुमार, कोच सुनील सोरेन, अग्नेश मुर्मू, सुबोध बास्की, संजय हेमब्रम एवं दुमका क़े सभी संघ क़े पदाधिकारी एवं खेल प्रिमयों ने उन्हें बेहतर खेलने क़े लिए शुभकामना दिया है।

नैतिक शिक्षा से सशक्त नारी : भगवान भाई

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । सशक्त नारी समाज का आधार स्तंभ है । वर्तमान की छात्राए भविष्य की नारी है। वर्तमान की छात्राओं में नैतिक और आध्यात्मिक द्वारा सशक्त बनाकर भविष्य की नारी को सशक्त बनाया जा सकता है । जहां सशक्त नारी वहीं समाज, परिवार, देश राष्ट्र भी सशक्त बनेगा । उक्त उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू से आए राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहे। वे एकलव्य मोडल आवासीय बालिका विद्यालय , काठीजोरिया में नैतिक शिक्षा से सशक्त नारी विषय पर संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

उन्होंने बताया कि पाश्चात्य संस्कृति,

दूरदर्शन एवं अनेक व्यावसायिक चैनलों एवं पैसों की दौड़ आदि के प्रभाव में नारी आधुनिकता की लहर में अपने नैसर्गिक नैतिक मूल्यों की अवहेलना कर रही है।

इसका प्रभाव समाज पर दिखाई दे रहा है । उन्होंने बताया कि परोपकार, सेवाभाव, त्याग, उदारता, पवित्रता, सहनशीलता, नम्रता, धैर्यता, सत्यता, ईमानदारी, आदि सद्गुण नहीं आते तब तक छात्राओं की शिक्षा अधूरी हैं । नैतिकता के अंग हैं - सच बोलना, चोरी न करना,अहिंसा, दूसरों के प्रति उदारता, शिष्टता, विनम्रता, सुशीलता आदि। नैतिक शिक्षा के अभाव के कारण ही आज जगत में अनुशासनहीनता, अपराध ,नशा-व्यसन, क्रोध,झगड़े आपसी मन मुटाव बढ़ता जा रहा है। वर्तमान समय नारी अपना कर्तव्य प्रति जागृत और अडिग रहने कि आवश्यकता है ।

भगवान भाई ने कहा कि आज के समाज में रूढ़ियां, कुरीतियां, रीतिरिवाज, साम्प्रदायिकता बढ़ने लगी है। इस कुचक्र में नारी फसंती गयी। नारी के अधोपतन से समाज का भी पतन होने लगा है। नारी परिवार की धुरी और समाज की ईकाई है। उन्होंने कहा कि माता संतान की प्रथम गुरू है।

सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन के की अंतिम तिथि 20 फरवरी

दुमका । उत्कृष्ट विद्यालय डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका में नव नामांकन के लिए आवेदन पत्र भरने के लिए अंतिम तिथि 20 फरवरी 2025 तक विस्तारित कर दी गई है। उत्कृष्ट विद्यालय डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ

एक्सीलेंस,दुमका के प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राज हंस ने बताया कि उत्कृष्ट विद्यालय डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका में नव नामांकन के लिए आवेदन पत्र भरने के लिए अंतिम तिथि पहले 10 फरवरी 2025 तक निर्धारित थी,जिसे 20 फरवरी 2025 तक विस्तारित कर दी गई है। श्री राजहंस ने बताया कि आवेदन ऑनलाइन भी 20 फरवरी 2025 तक भरा जा सकता है।प्रभारी प्राचार्य श्री राजहंस ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका झारखण्ड सरकार का एक ऐतिहासिक एवं उत्कृष्ट विद्यालय है। इस विद्यालय में नवाचारी विधि से पठन पाठन किया जाता है। डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका में उत्कृष्ट शिक्षण के लिए सभी उत्कृष्ट साधन उपलब्ध हैं। विद्यालय में उत्कृष्ट एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य किया जाता है । पूरे विद्यालय को सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाती है। प्रभारी प्राचार्य श्री राजहंस ने बताया कि स्मार्ट कक्षा के माध्यम से विद्यालय के छात्रों को उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान की जाती है। श्री राजहंस ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए इस विद्यालय में उनका नामांकन करा सकते हैं।श्री राजहंस ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर विद्यालय में नामांकन लिया जायेगा।

संत रविदास की जयंती पर बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्री, मिठाइयां व उपहार का वितरण

संताल एक्सप्रेस संवाददता

दुमका। रोटी बैंक दुमका सोनवाडंगाल पाड़ा में रविदास जयंती के अवसर पर, दुमका में स्लम क्षेत्रों के बच्चों के बीच उपहार वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दंत चिकित्सक डॉक्टर श्वेता स्वराज विशेष अतिथि में महिला थाना प्रभारी अनुपम सारंगी एवं

समाजसेवी जतिन कुमार संत रविदास के चित्र में माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। अतिथि एवं विशेष अतिथि के द्वारा बच्चों को शैक्षणिक सामग्री, और मिठाइयाँ वितरित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिषेक, जतिन, दीपक बोरी,मनोज चालक,मिथुन मिर्धा,चंद चालक, एवं ग्रामीण और बच्चे शामिल थे।

अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे 12 लोगों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज

सरैयाहाट। विद्युत विभाग द्वारा अभियान चलाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे 12 लोगों के उपर हंसडीहा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। दर्ज प्राथमिकी में सहायक विधुत अभियंता राज कमल ने बताया है कि विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल बासुकीनाथ क्षेत्र अंतर्गत विधुत चोरी की सघन जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया। जांच टीम पहले हंसडीहा थाना क्षेत्र के पथरिया गाँव पहुँची जहां जयनारायण मांझी,मिथुन मांझी,पांचू राउत,अमरनाथ मांझी,जनार्धन मांझी व चिहुटया गांव में सुनील कुमार मिश्रा, अनंतलाल महतो,नित्यानंद मिश्रा, युगल किशोर मिश्रा,आलोक मिश्रा, नीलम देवी,व कामदेव मिश्रा द्वारा अवैध रूप से विधुत की चोरी कर उपयोग किया जा रहा था। उक्त सभी अभियुक्तों के उपर भारतीय अधिनियम 2005 की धारा 135 के तहतविधुत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही करने का अनूरोध किया है। जांच टीम में सहायक विधुत अभियंता राज कमल के अलावे विधुत आपूर्ति प्रशाखा बासुकीनाथ टीपू प्रसाद, अकुशल श्रमिक इफ्तेखार अंसारी, कनीय सारणी श्रमिक भोला प्रसाद, आउट सोर्सिंग कर्मी नागेश्वर महतो सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

माघी पूर्णिमा पर बासुकीनाथ मंदिर में 80 हजार श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

200 श्रद्धालुओं ने तीन सौ रूपये में शीघ्रदर्शनम का कूपन लेकर की पूजा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

जरमुंडी । प्रसिद्ध बासुकीनाथ मंदिर में माघी पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर बुधवार को पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पूर्णिमा के अवसर पर पूजा करने के लिए रात्रि ढाई बजे से ही श्रद्धालु बासुकीनाथ मंदिर परिसर के बाहर एकत्रित हो गए थे। पूर्णिमा को लेकर तड़के 3ः00 भोर को ही बासुकीनाथ मंदिर के कपाट खोले गए। मंदिर खुलने पर पूर्व रात्रि में संपन्न हुए श्रृंगार पूजा के पूजन अवशिष्ट को हटाकर गर्भगृह की सफाई की गई।फिर प्रभात पूजा संपन्न हुई। इसके बाद स्थानीय पंडा पुरोहितों ने बाबा नागेश का पूजन किया। इसके बाद आम श्रद्धालुओं के लिए बाबा मंदिर का गर्भगृह खोल दिया गया। मंदिर खुलने पर प्रतीक्षारत श्रद्धालु कतार में लगकर मंदिर में प्रवेश किया और भोलेनाथ की स्पर्श पूजा की। माघी पूर्णिमा पर बुधवार को सुबह में अन्य मौकों की तुलना में थोड़ी कम भीड़ रही। किन्तु पौ फटने के बाद धूप खिलने पर श्रद्धालुओं की भीड़ में उत्तरोत्तर वृद्धि होती गई। मध्याह्न काल में भीड़ उमड़ने लगी। माघी पूर्णिमा को लेकर बासुकीनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने एवं भीड़ को व्यवस्थित ढंग से पूजा-अर्चना कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। श्रद्धालुओं को कड़ी सुरक्षा के बीच संस्कारमंडप के रास्ते कतारबद्ध करके बाबा मंदिर में प्रवेश कराया गया। शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला दिनभर निरंतर जारी रहा। लोगों ने श्रद्धा पूर्वक बाबा बासुकीनाथ को जलार्पण किया।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बाबा मंदिर परिसर का उतर दरवाजा बंद रखा गया था। सिंह द्वार जो अब निकास द्वार के रूप में इनदिनों उपयोग किया जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं के प्रवेश को बंद रखा गया था। पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था थी। माघी पूर्णिमा पर बासुकीनाथ मंदिर में विधि व्यवस्था को लेकर जिले के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ मंदिर परिसर के विभिन्न विन्दुओं का निरीक्षण किया। हाथी गेट के मंदिर प्रवेश द्वार और निकास द्वार (सिंह द्वार) पर पुलिस बलों की अच्छी संख्या में तैनाती की गई थी। साथ ही मंदिर क्षेत्र में मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई थी। बासुकीनाथ मंदिर प्रभारी कुंदन भगत ने बताया कि माघी पूर्णिमा पर संभावित भीड़ का अनुमान पूर्व में ही लगाते हुए व्यवस्था को मजबूत किया गया था। श्रद्धालुओं को मंदिर में पूजा करने के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त थी।कतार बद्ध तरीके से श्रद्धालुओं को संस्कार मंडप के रास्ते बेरिकेडिंग द्वारा मंदिर में प्रवेश कराया गया।

----- ----- ----- -----

माघी पूर्णिमा पर हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे

माघी पूर्णिमा पर बाबा बासुकीनाथ का फौजदारी दरबार शिवभक्तों की भीड़ से पटा रहा। पूर्णिमा पर पूजा अर्चना के लिए शिवगंगा तट से ही श्रद्धालुओं की कतार लगी रही।शिवभक्त श्रद्धालु अपनी बारी की प्रतीक्षा में लाइन में धीरे धीरे बढ़ रहे थे। श्रद्धालुओं की कतार में भक्ति का आवेग रह रहकर महादेव के गगनभेदी जयघोष के रूप में फूट पड़ते थे। बाबा एक सहारा है और बोल बम के महामंत्रोच्चार श्रद्धालुओं की कतार में गुंजायमान हो रहे थे। शिवगंगा तट से संस्कारमंडप और बासुकीनाथ मंदिर परिसर के बीच भक्तों में शिवभक्ति चरम पर थी। माघी पूर्णिमा पर दिनभर बाबा बासुकीनाथ मंदिर भोलेनाथ के जयकारे से अनवरत गुंजता रहा। शिवभक्ति में भक्तों की आस्था सराबोर रही। माघी पूर्णिमा पर बासुकीनाथ मंदिर क्षेत्र के आसपास वाहनों के प्रवेश होने से जाम की स्थिति लगातार बनी रही।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चंसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686